

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर करनाल जिला के गांव दनियालपुर में जनसंवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 216 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### हर घर "तिरंगा" फहरा कर मनाएं आजादी का अमृत महोत्सवः धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रदेशवासियों से इस वर्ष भी "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत "तिरंगा" फहरा कर आजादी का अमृत महोत्सव मानने की अपील की है। मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेश की जनता के नाम एक जारी संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर हम सभी "हर घर तिरंगा" अभियान में भाग लें। आइए पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी हम सब "हर घर तिरंगा" अभियान में भाग लेकर, हर घर तिरंगा और अपने कार्यालय पर तिरंगा फहराएं और आजादी के अमृत महोत्सव को मनाएं।

### महाकालेश्वर मंदिर में शीघ्र दर्शन से हुई पांच करोड़ से अधिक की आय

**उज्जैन।** महाकालेश्वर मंदिर में शीघ्र दर्शन से पांच करोड़ रुपये से अधिक की आय हुई है। मंदिर में सरल, सुगम, सुलभ दर्शन हेतु प्रशासन द्वारा व्यवस्था की गई है। यह जानकारी रविवार को मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक एवं अपर कलेक्टर संदीप कुमार सोनी ने दी। उन्होंने बताया कि श्री महाकालेश्वर मंदिर द्वारा दर्शनार्थियों की सुविधा हेतु शीघ्र दर्शन की व्यवस्था है, जिसमें भक्त रुपये 250 रुपये प्रति श्रद्धालु के मान से भेट राशि प्रदाय कर रसीद प्राप्त कर श्री महाकालेश्वर भगवान के शीघ्र दर्शन कर सकते है। सोनी में बताया कि श्रावण माह में दिनांक 01 जुलाई से 10 अगस्त तक रुपये 250 रुपये शीघ्र दर्शन की रसीद से मंदिर प्रबंध समिति को रुपये 05 करोड़ 84 लाख 24 हजार 2 सौ 50 की आय हुई है।

# 'हर घर तिरंगा अभियान ने एक नई ऊर्जा भरी'

## पीएम ने सोशल मीडिया अकाउंट्स की डीपी में तिरंगा लगाया, डीपी चेंज कर देश के साथ अपने रिश्ते को गहरा करने में सहयोग करें

**अपील**

**केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा के मुख्यमंत्रियों ने भी इसके बाद सोशल मीडिया एकाउंट की डीपी बदल ली**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रविवार (13 अगस्त) को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स की प्रोफाइल पिक्चर बदल ली है। उन्होंने देशवासियों से भी ऐसा करने की अपील की है। पीएम ने ट्वीट कर लोगों से कहा कि देश के साथ अपने रिश्ते को और गहरा करने की दिशा में सहयोग करें और ये कदम उठाएं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने फेसबुक और ट्विटर पर अपने अकाउंट्स की प्रोफाइल पिक्चर बदलकर तिरंगे झंडे की तस्वीर लगाई है। पीएम मोदी ने ट्विटर पर अपने पोस्ट में लिखा कि 'हर घर तिरंगा आंदोलन की भावना में, चलें अपने सोशल मीडिया अकाउंट की डी पी बदलते हैं और देश के साथ अपने रिश्ते को और मजबूत और गहरा करने की दिशा में अपना सहयोग देते हैं।' केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा के मुख्यमंत्रियों ने भी इसके बाद अपने सोशल मीडिया एकाउंट की डीपी बदल ली।





**पीएम मोदी ने शुरू किया था 'हर घर तिरंगा अभियानः** आजादी के 75 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 22 जुलाई को 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरूआत की थी। 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अवसर प्रधानमंत्री ने अभियान शुरू किया था। बीते 11 अगस्त, 2023 (शुक्रवार) पीएम मोदी ने इस साल 13 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' आंदोलन में हिस्सा लेने की देशवासियों से अपील की।

**वेबसाइट पर अपनी तस्वीरें अपलोड करने की अपील**

प्रधानमंत्री नरेंद्रें मोदी ने ट्वीट कर लिखा था कि हर घर तिरंगा अभियान ने आजादी के अमृत महोत्सव में एक नई ऊर्जा भरी है। देशवासियों को इस साल इस अभियान को एक नई ऊंचाई पर ले जाना है। आइए, 13 से 15 अगस्त के बीच देश की आन-बान और शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को फहराएं।

### सीमाएं होंगी सील, यमुना में भी कमांडो तैनात

**शाहदरा** जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने रविवार को टीम के साथ यमुना में गश्त भी की। इसके अलावा लाल किले की दीवार से दिल्ली की सीमाओं तक सुरक्षा के अचूक व पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी सीमाएं सोमवार से सील कर दी जाएंगी। कड़ी जांच के बाद ही वाहनों को दिल्ली में प्रवेश मिलेगा। दिल्ली पुलिस आतंकी व बदमाशों से संबंधित सूचनाओं को लेकर पड़ोसी राज्यों की पुलिस के भी संपर्क में है।

### अभेद्य किले में तब्दील हुई दिल्ली, 10 हजार से अधिक जवान तैनात, चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए देश की राजधानी दिल्ली तैयार है। ऐसे में सुरक्षा के लिहाज से दिल्ली किले में तब्दील हो गई है। 1000 फेस रिकग्निशन कैमरे, एंटी-ड्रोन सिस्टम और 10,000 से अधिक पुलिस लाल किले और आसपास तैनात रहेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की उम्मीद है, क्योंकि दो साल की अवधि के बाद कोई कोविड-19 प्रतिबंध नहीं है। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) दीपेंद्र पाठक ने कहा कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस बिना किसी कोविड-19 प्रतिबंध के पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसलिए, पुलिस की मजबूत और पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाएगी।

सुरक्षा के नजरिये से अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर जानकारी भी साझा करेंगे। दिल्ली पुलिस सुरक्षा उद्देश्यों के लिए तकनीकी प्रणालियों का भी उपयोग करेगी। प्रधानमंत्री के रूट से लेकर लाल किले के आसपास कई किलोमीटर के दायरे पर सुरक्षाकर्मी व खुफिया एजेंसियां नजर रखेंगी।

लाल किले के आसपास 11 बजे तक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद रहेगी। केवल आपातकालीन और विशेष लेबल वाले वाहनों को गुजरने की अनुमति होगी।

## स्वास्थ्य सेवाओं में ई-गवर्नेंस के लिए यूपी को मिलेगा पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश में ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दे रही योगी सरकार को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। स्वास्थ्य सेवाओं में ई गवर्नेंस के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को केंद्र सरकार की ओर से सम्मानित किया जाएगा। भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने 'डिलीवरी प्वाइंट हेल्थ फैसिलिटीज' के लिए शुरू की गई परियोजना/पहल 'मां नवजात ट्रैकिंग एप्लिकेशन' (मंत्रा) के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-उत्तर प्रदेश (एनएचएम-यूपी) को सिल्वर अवार्ड से सम्मानित करने के लिए चुना है।

## नूंहः हिंसा के बाद फिर निकलेगी ब्रजमंडल यात्रा

**नूंह/पलवलः** हरियाणा के नूंह में फिर ब्रजमंडल यात्रा निकालने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए 28 अगस्त का दिन तय किया गया है। हालांकि प्रशासन से बातचीत के बाद तारीख आगे-पीछे भी की जा सकती है। यह फैसला रविवार को पलवल में हुई हिंदू महापंचायत में लिया गया। 31 जुलाई को इसी यात्रा के दौरान जमकर हिंसा और आगजनी हुई थी। जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई थी।

## 9 करोड़ ग्रामीणों को घर-घर नल से जल का तोहफा देगी योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**योगी सरकार** जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना से उत्तर प्रदेश के 9 करोड़ ग्रामीणों को नल से जल का तोहफा देकर 77वें स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाएगी। इस दिन यूपी के डेढ़ करोड़ से अधिक घरों तक नल से जल की सप्लाई शुरू हो जाएगी। यह पहला मौका होगा, जब राज्य के आधे से ज्यादा ग्रामीण परिवारों को स्वतंत्रता दिवस पर इतनी बड़ी सौगात मिलेगी। हर घर को नल से जल मिलने से जहां गांव-गांव में रहने वाले ग्रामीणों के चेहरों पर खुशियां आएंगी,



**नल कनेक्शन**

**आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में आधे से अधिक ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ पेयजल मिलने का सपना होगा पूरा**

वहीं पानी के लिए मीलों का सफर तय करने वाली महिलाओं को भी राहत मिलेगी। राज्य सरकार की पहल पर स्वच्छ पेयजल मिलने से न केवल ग्रामीणों के स्वास्थ्य में सुधार आएगा, बल्कि उनका जीवन स्तर भी काफी बेहतर होगा। सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने 15 अगस्त को यूपी के डेढ़ करोड़ ग्रामीण परिवारों तक नल कनेक्शन पहुंचाने की तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों से कहा कि प्रतिदिन नल कनेक्शन प्रदान करने की गति कम नहीं होनी चाहिये।












# गरीबों के कल्याण के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध : सीएम खट्टर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज करनाल जिला के  गांव डबकौली कलां के ग्राम ज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया और गांव के साथ लगती इंद्री विधानसभा क्षेत्र की 25 करोड़ की लागत से तैयार होने वाली 73 किमी लंबी सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डबकौली कलां गांव में जनसंवाद कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने युवाओं, बुजुर्गों तथा महिलाओं से सीधी बात की और उनसे वर्तमान सरकार के पिछले साढ़े 8 साल के अनुभव के बारे में विचार पूछे तो सभी ने सरकार की कार्यशैली की सराहना की।

**सरकारी खजाने पर पहला अधिकार गरीबों का:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सरकार के खजाने का एक-एक पैसे का हिसाब रखा जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार के खजाने पर पहला अधिकार गरीब जनता का है। गरीबों के कल्याण के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा बिना किसी खर्ची पर्ची के युवाओं को मेरिट के आधार पर सरकारी नौकरी दी जा रही है , पारदर्शिता और मेरिट के आधार पर नौकरी देने का ही यह सबसे बड़ा प्रमाण है कि आपके डबकौली कलां के मेहनत करने वाले 52 युवाओं को पिछले साढ़े 8 साल में सरकारी नौकरी मिली है।

**अधिकारियों को जल्द से जल्द कामों को सिरे चढ़ाने का दिया आदेश:** मुख्यमंत्री ने इस दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए उनके द्वारा रखी गई मांगों को मानते हुए साथ बैठे अधिकारियों को जल्द से जल्द कामों को सिरे चढ़ाने का आदेश दिया। ग्रामीणों द्वारा रखी गई ड्रेन पुल निर्माण की मांग पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस्टीमेट बनाकर काम को जल्द पूरा करने के आदेश दिए। इसके अलावा ,फैक्ट्रियों से निकलने वाले गंदे पानी की समस्या पर मुख्यमंत्री ने एसटीपी बनाने का आदेश दिया। क्षेत्र में स्थापित शराब फैक्ट्री के अंदर भी एसटीपी लगाने , गांव में अंबेडकर भवन की बिल्डिंग एक महीने के अंदर पूरी करने तथा एक लाइब्रेरी बनाने का भी आदेश दिया।

**आबादी के हिसाब से दी जा रही है प्रत्येक गांव को ग्रांट:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हमारी सरकार बिना भेदभाव  के आबादी के हिसाब से प्रत्येक गांव के लिए ग्रांट जारी कर रही है। उन्होंने कहा कि डबकौली कलां गांव की आबादी 3049 है , इसलिए आपके गांव को हर साल 60 लाख रुपए की ग्रांट राज्य सरकार की तरफ से दी जाएगी।

**कलसौरा गांव से कब्जे छुड़वाने के लिए डीसी को दिया आदेश:** कलसौरा गांव के एक बुजुर्ग द्वारा गांव की जमीन पर कब्जे होने की शिकायत पर  मुख्यमंत्री ने उपायुक्त से इस मामले की जानकारी ली और कब्जे छुड़वाने और गांव के नाम इंतकाल चढ़ाने के आदेश देते हुए कहा कि उनके करनाल में अगले दौरे पर रिपोर्ट पेश करें।

**दो लोगों की मौके पर ही शुरू हुई बुढ़ापा पेंशन:** जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि परिवार पहचान पत्र योजना शुरू होने के बाद अब बुढ़ापा पेंशन के लिए किसी सिफारिश की जरूरत नहीं पड़ती। मौके पर ही दो बुजुर्गों की पेंशन शुरू की गई। मुख्यमंत्री ने उनको बुढ़ापा पेंशन शुरू होने संबंधी सर्टिफिकेट भी बांटे।

# तिरंगा यात्रा में गृह मंत्री ने हाथ में तिरंगा थाम वंदे मातरम और भारत माता की जय के लगाए नारे


**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर रविवार को अम्बाला छावनी में हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में गृह मंत्री अनिल विज देशभक्ति के रंग में रंगे दिखे और उन्होंने हाथ में तिरंगा थाम भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाकर युवाओं में नए जोश का संचार किया।  अम्बाला छावनी के सुभाष पार्क से प्रारंभ हुई इस तिरंगा यात्रा में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। यात्रा के दौरान समूचा शहर तिरंगामय हुआ। लोगों में यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। यह यात्रा बाजारों से होती हुई पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में संपन्न हुई।

**घरों की छतों से लोगों ने फूल बरसाकर किया स्वागत:** तिरंगा यात्रा में अनिल विज के साथ हजारों वाहनों का काफिला चला। आउटर लार्जर रोड, पुल चमेली, कसेरा बाजार, निकलसन रोड सहित कई बाजारों में लोगों ने घरों की छतों से यात्रा पर फूलों की वर्षा कर इसका स्वागत किया। केसरा बाजार व अन्य बाजारों में दुकानदारों ने आतिशबाजी कर यात्रा का स्वागत किया।

**तिरंगे को सेल्यूट कर तिरंगा फहराते रहे गृह मंत्री:** तिरंगा यात्रा के दौरान गृह मंत्री अनिल विज ने हाथ में तिरंगा थाम उसे सेल्यूट किया। उन्होंने जगह-जगह रूक कर दुकानदारों को आजादी के इस अमृत महोत्सव की बधाई दी और उनका अभिवादन स्वीकार किया।

**नरेंद्र मोदी के आह्वान पर तिरंगा यात्रा निकाली जा रही:** वहीं, पत्रकारों से यात्रा के दौरान बातचीत करते हुए गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि आज सारे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। हमारी भाषा, क्षेत्र व परंपराएं अलग हो सकते है, मगर तिरंगा सभी का अभिमान व शान है। विज ने कहा कि अगले पांच साल तक हम विश्व की टॉप तीन अर्थव्यवस्थाओं में होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। वहीं गृह मंत्री अनिल विज ने विपक्ष द्वारा किए जा रहे विरोध पर पलटवार करते हुए कहा कि विरोध करना प्रजातंत्र का हिस्सा है, मगर दुश्मनों के साथ मिलकर गद्दारी करना ठीक नहीं है।



हरियाणा सरकार | G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव | मेरी माटी मेरा देश 09-15 अगस्त 2023 | आयुष्मान भारत PM-JAY | चिरायु हरियाणा

# चिरायु /आयुष्मान भारत
# प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना

**₹5 लाख तक का मुफ्त इलाज**

"आयुष्मान भारत योजना का लक्ष्य आर्थिक सुविधा देने का तो है ही, साथ में ऐसी व्यवस्था भी खड़ी की जा रही है जिससे कि आपको घर के पास ही इलाज की उत्तम सुविधा मिल जाए।"
- नरेन्द्र मोदी



## श्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री द्वारा
## 'चिरायु / आयुष्मान भारत योजना'
## के विस्तार का शुभारम्भ

**सोमवार, 14 अगस्त, 2023 | फतेहाबाद**

अब 1.8 लाख रुपये से 3 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को भी मिलेगा ' चिरायु / आयुष्मान भारत योजना' का लाभ

30 लाख परिवार पहले से ही योजना से जुड़े,
अब 8 लाख अतिरिक्त पात्र परिवार भी उठाएंगे योजना का लाभ*

मात्र ₹1500* प्रति परिवार वार्षिक अंशदान देने पर मिलेगा योजना का लाभ

योजना में पंजीकरण** हेतु QR कोड स्कैन करें

**15 अगस्त, 2023 से शुरू

# 15 अगस्त को धरना स्थल पर कर्मचारियों द्वारा तिरंगा फहराया जाएगा: रविन्द्र

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**लिपिक वर्ग का अपनी एक मात्र मांग को लेकर धरना चालीसवें दिन भी जारी रहा, पूरे दिन देशभक्ति और लिपिक वर्ग की मांग के नारों से गुंजा पूरा पंडाल क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी सम्बंधित भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले चल रहा लिपिक वर्ग का धरना आज चालीसवें दिन भी जारी रहा। एसोसिएशन के जिला प्रधान रविन्द्र की अध्यक्षता में धरने की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि आज उनके धरने का चालीसवाँ दिन है। उन्होने बताया कि आज लिपिक वर्ग के कर्मचारियों ने अपनी मांग के प्रति इतना उत्साह था कि दिन भर पूरे




जोश के साथ नारे लगाते रहे। एसोसिएशन के जिला सचिव नरेंद्र ने बताया कि राज्यकार्यकारिणी के आदेशानुसार आज से धरनारत कर्मचारियों ने धरने स्थल पर ही 15 अगस्त को देश का स्वन्त्रता दिवस मनाने की तैयारी शुरू कर दी है। एसोसिएशन के राज्यकार्यकारिणी के सदस्य प्रवेश ने बताया कि 14 अगस्त को तिरंगा यात्रा और 15 अगस्त को धरने स्थल पर ही स्वन्त्रता दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को धरने स्थल पर ही धरनारत कर्मचारियों के द्वारा तिरंगा फराया जाएगा और पूरे दिन देशभक्ति गीत और देशभक्ति नाटकों की प्रस्तुति की जाएगी।

उन्होंने बताया कि उनकी मांग के समर्थन में प्रतिदिन अलग अलग कर्मचारी,सामाजिक, राजनीतिक संगठनों का समर्थन प्राप्त हो रहा है। लिपिक वर्ग का अपने धरने के साथ साथ कर्मिक भूख हड़ताल का आज तेइसवाँ दिन था। एसोसिएशन के वरिष्ठ साथी ऋषिपाल और विजेंद्र शर्मा ने बताया कि आज धरनारत कर्मचारियों में से प्रवेश,रविंद्र,नरेंद्र,रणबीर सिंह, अमनदीप भूख हड़ताल पर रहे। आज मंच का संचालन विजेंद्र शर्मा, ऋषिपाल, शशि भूषण शर्मा,मैडम विजेश आदि ने किया।आज सभी विभागों से सैंकड़ों की संख्या में लिपिक वर्ग के कर्मचारी धरने पर मौजूद रहे।

# पुलिस को जल्द से जल्द अज्ञात चोरों को पकड़कर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए: संदीप

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/बाबैन (दलबीर मलिक )** बाबैन में गत मंगलवार रात्रि लगभग ढाई बजे अज्ञात चोरों ने बाबैन के राजिन्द्रा हैल्थ क्लीनिक मैटरनिटी सेन्टर की संचालिका डा. अर्चना सैनी के घर में घुसकर लूटपाट को अंजाम दे दिया था और नगदी पर हाथ साफ कर दिया था। उसी को लेकर रविवार को स्टालवार्ट फांउडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने अस्पताल जाकर डा. अर्चना सैनी से हाल चाल जाना व पुलिस प्रशासन से अज्ञात चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने की गुहार लगाई।अस्पताल की संचालिका डा. अर्चना सैनी ने समाजसेवी संदीप गर्ग को चोरी की घटना बताते हुए कहा कि गत मंगलवार रात्रि लगभग ढाई बजे अज्ञात चोर



घर में घुस गए, जब मैं और मेरी मां घर में सो रहे थे। हम जब चोरी की आवाज सुनकर उठे तो चोरों ने हमसे कहा आराम से सो जाओ अगर जरा सी भी आवाज की तो आप लोगों को जान से मार देंगे। जान के खतरा को लेकर वह मकान में चुप चाप बैठे रहे। उन्होंने कहा कि चोरों ने लगभग 12 तोले सोने के जेवरात के अलावा लगभग 6 लाख रुपए की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। वहीं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि आज महिलाएं व लोग रात के समय में भी अपने घर में सुरक्षित नहीं हैं। यह बाबैन क्षेत्र ही नहीं बल्कि लाडवा हल्के के साथ पूरे कुरूक्षेत्र जिले के लिए एक दहशत की बात है कि एक चिकित्सका के घर में घुसकर चोरों ने जान से मारने की धमकी दी व चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया।

# स्वतंत्रता दिवस के चलते अंबाला में सुरक्षा के कड़े प्रबंध, चप्पे-चप्पे पर पुलिस मुस्तैद

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)** स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर जिला अंबाला में पुलिस ने गश्त और मुस्तैदी बढ़ा दी है। एसपी जशनदीप सिंह रंधावा ने जानकारी देते हुए बताया कि भीड़भाड़ वाली जगहों पर सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। जगह.जगह नाकाबंदी कर वाहनों की जांच पड़ताल की जा रही है। इसके अलावा होटल, गेस्ट हाउस, भवनों में थाना स्तर पर टीमों को गठित कर उनका सत्यापन किया जा रहा है। जिले की सुरक्षा मद्देनजर



बाजारों रेलवे स्टेशनों बस अड्डा पर जांच पड़ताल की जा रही है। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भी सुरक्षा बढ़ा दी है। रेलवे स्टेशन परिसर में आने.जाने वाले यात्रियों की जांच पड़ताल के अलावा ट्रेनों के अंदर आरपीएफ भी जांच कर रही है। जीआरपी रेलवे स्टेशन कार पार्किंग स्टेशन परिसर की भी जांच की जा रही है। सुरक्षा के मद्देनजर रखते हुए हमने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं।

उन्होंने बताया कि हमने सिक्योरिटी के पूरे प्रबंध किए है। जितने भी चौक , बाजार, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे आदि सब पर पुलिस नजर रखे हुए हैं। एस पी ने कहा कि होटलों, धर्मशाला में लगातार चेकिंग की जा रही है। पुलिस चेकिंग अभियान चला रही है नाकाबंदी भी चल रही है।

# शहीदों के गांव की माटी इक्कठी करने की बजाय

**चंडीगढ़, 13 अगस्त।** भारत में वैश्य समाज का सबसे बड़ा संगठन अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन आगामी 15 अगस्त को 77वां स्वतंत्रता दिवस यूरोप-एशिया समूह में शामिल तुर्की देश की विदेशी धरती पर धूमधाम से मनाएगा। वैश्य महसम्मेलन का 120 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल तिरंगा फहराकर आजादी आंदोलन के बलिदानियों को श्रद्धासुमन अर्पित करेगा। यह जानकारी देते हुए हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने बताया कि वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद गिरीश सांघी के नेतृत्व में



हैदराबाद, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, दिल्ली हरियाणा, झारखंड और राजस्थान समेत कई राज्यों से प्रतिनिधिमंडल के सदस्य तुर्की पहुँच चुके हैं और कार्यक्रम की तैयारी के लिए बैठकें शुरू कर दी है। प्रतिनिधि मंडल में हरियाणा से पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन महामंत्री दुर्गादत्त गोयल, युवा अध्यक्ष मनीष गोयल, प्रदेश सचिव ललित महाजन, अशोक बंसल, विनोद अग्रवाल, दिव्यांक जैन एवं मंजू गोयल , किरण बंसल तुर्की में मौजूद है। राजीव जैन ने बताया कि अब तक सम्मेलन द्वारा संयुक्त अरब अमीरात, मॉरिशस, नेपाल, चीन, थाईलैंड, श्रीलंका, हांगकांग, इंडोनेशिया समेत 11 देशों में कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि महासम्मेलन के सदस्य भ्रमण करने वाले देश में बसे वैश्य समाज के लोगों को साथ लेकर कार्यक्रम आयोजित करता है और संगठन के साथ जोड़ने के साथ साथ अन्य सामाजिक कार्यों के लिए भी प्रोत्साहित करता है। राजीव जैन ने कहा कि वर्षों से विदेशों में बसे भारतीयों में देश प्रेम की भावना जागृत रहे और वह अपने देश की संस्कृति एवं संस्कारों से ओतप्रोत रहे इस दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि देश के उन महान स्वतंत्रता सेनानियों का स्मरण

# आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने किया युवाओं से संवाद

**कैथलः शहीद भगत सिंह युवा क्लब द्वारा** गांव बरटा में आयोजित एचएसएससी मॉक टेस्ट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा रहे। उन्होंने इस मौके पर पौधारोपण भी किया। इस मौके पर सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी और नौकरी की तैयारी के लिए अपनी तरफ से फ्री ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी बच्चों को सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा मिले। इसको मिशन को लेकर ही हम चल रहे हैं।

# भाविप की स्वास्थ्य सेवा सर्वोत्तम श्रेणी में शामिल है : रविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल।** भारत विकास परिषद नारनौल के तत्वाधान में स्थानीय यादव सभा में न्यूरो स्पाइन फिजियोथैरेपी अस्पताल नारनौल के सहयोग से तथा डॉ अशोक मीना के नेतृत्व में फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया गया ' इस संदर्भ में जानकारी देते हुए शाखा सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी रविंद्र सिंह मटरू उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता सरस्वती शिक्षा समिति के सचिव मुकेश शर्मा ने की ' इसके अलावा सूबेदार मेजर कंवर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित रहे ' कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया ' इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि रविंद्र सिंह मटरू ने कहा कि वर्तमान में शरीर में चोट आदि के बाद कई प्रकार के दर्द में फिजियोथैरेपी अत्यंत कारगर है ' उन्होंने परिषद को ऐसे कैंप आयोजित करने के लिए साधुवाद दिया ' कार्यक्रम अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि सेवा किसी भी प्रकार की जाए वह हमेशा कल्याणकारी होती है ' शाखा अध्यक्ष राजकुमार यादव सचिव दिनेश शर्मा तथा कोषाध्यक्ष डॉ दीपक वर्मा ने दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम के बाद सभी अतिथियों एवं फिजियोथैरेपी टीम का स्वागत किया शाखा अध्यक्ष राजकुमार यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि मानव वहीं है जो सेवा भावी जीवन अपनाये ' भाविप इसी भावना के लिए जानी जाती है 'प्रकल्प संयोजक संजय शर्मा ने कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि परिषद इस प्रकल्प को नियमित रूप से अपनाने पर विचार कर रही है।

# 'शहीदों के गांव की माटी इक्कठी करने की बजाय खट्टर सरकार शहीदों के परिवारों को दें 1 करोड़ रुपए की सम्मान राशि'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**आम** आदमी पार्टी के कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनखेड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा हरियाणा के शहीद सैनिकों के गांव की मिट्टी को इक्क्ठा करने का काम कर रही है। शहीदों के गांव की मिट्टी इक्कठी करने की बजाय हरियाणा की गठबंधन सरकार को शहीदों के परिजनों को एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देनी चाहिए। वे शब्द आज जगबीर जोगनखेड़ा ने अपने कार्यालय में पत्रकारवार्ता के दौरान कहे। जगबीर ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हरियाणा और केंद्र की सरकार शहीदों का अपमान कर रही है। उनके गांव की मिट्टी को दिल्ली में मात्र दिखावे के लिए ले जाया जा रहा है।अगर सही मायने में सरकार को शहीदों के प्रति सम्मान है तो



उनके परिवारों को सरकार एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि दें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली और पंजाब सरकार ने शहीद परिवारों को एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देने का काम कर रही है।

जगबीर ने कहा कि यदि कोई क्रिकेटर जीत कर आता है तो सरकार उसे इनामों और तोहफों में तोल देती है। लेकिन जब कोई जवान देश की रक्षा करते हुए शहीद हो जाता है तो उन्हें एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि नही दी जाती। आम आदमी पार्टी की सरकार शहीदों के लिए यह प्रावधान कर सकती है तो अन्य पार्टी या सरकारें क्यों नही कर सकती।जिलाध्यक्ष ने कहा कि हालांकि कि पैसों से जान की किम्मत नही आंकी जा सकती। लेकिन जब शहीदों के परिवारों को सम्मान राशि मिलती है तो उन्हें लगता है कि सरकार और देश उनके साथ है।

जगबीर ने कहा कि सरकार ये ढकोसला बन्द करें और शहीद परिवारों को एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देने का काम करें।


## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# फुल ड्रैस फाईनल रिहर्सल कर स्वतंत्रता दिवस को लेकर की तैयारियां

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को मनाने के लिए रविवार को फाईनल रिहर्सल में छात्रों ने फुल ड्रेस में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस फाईनल रिहर्सल में उपायुक्त शांतनु शर्मा ने ध्वजारोहण किया तथा राष्ट्रगान के साथ परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उनके साथ पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया, एडीसी अखिल पिलानी, एसडीएम सुरेंद्र पाल, डीएमसी अश्विनी मलिक, नगराधीश हरप्रीत कौर आदि उपस्थित थे। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि 15 अगस्त को प्रातः 8.45 बजे मुख्य अतिथि द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके पश्चात 8.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन तथा स्वागत, 9 बजे से 9.02 तक ध्वजारोहण तथा राष्ट्रीय धुन, 9.02 बजे से 9.10 बजे तक परेड का निरीक्षण, 9.10 बजे से 9.25 तक मुख्य अतिथि का भाषण, 9.25 से 9.35 तक मार्च पास्ट, 9.35 से 10.05 तक सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10.05 से 10.15 बजे तक पुरस्कार वितरण तथा 10.15 बजे राष्ट्रगान होगा।

# पिछले 9 वर्षों से केवल झूठ बेच रही है भाजपा- जसबीर मलौर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जसबीर मलौर ने कहा कि भाजपा पिछले 9 वर्षों से केवल झूठ बेच रही है। लोगों को गुमराह करने में लगी हुई केंद्र व हरियाणा सरकार ने अपना कोई भी चुनावी वायदा पूरा नही किया।भाजपा और झूठ एक दूसरे के प्रायवाची बन चुके है। श्री मलौर ने कहा कि 2014 में चुनाव जीतने के लिये भाजपा ने समाज हर वर्ग के साथ वायदे किये थे लेकिन एक भी वायदा पूरा नही किया। आज प्रदेश के किसान स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू होने का इंतजार कर रहे है।इसी प्रकार कर्मचारी आज भी पंजाब के समान वेतनमान के इंतजार में बैठे है। देश के लोग खातों में 15 - 15 लाख रुपए खाते में आने की इंतजार कर रहे है। इसी प्रकार



अन्य वर्गों के लोग भी भाजपा द्वारा किये गये वायदों के पूरा होने की उम्मीद लगाए बैठे है। भाजपा के पास झूठे वायदे करने में महारत हासिल है और हर चुनाव में नए नए वायदो से जनता को गुमराह करती रही है। अब जनता भाजपा के असली चेहरे को पहचान चुकी है और 2024 में हिसाब चुकता करके कांग्रेस को सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है`

पूर्व विधायक ने कहा कि पूर्व एवं भावी मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा जुबान के धनी है और उन्होंने कांग्रेस के 10 वर्षों के कार्यकाल में जनता से किये वायदों से बढ़ कर काम करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर वृद्ध लोगों को 6000 हजार रुपये मासिक पेंशन दी जायेगी। गरीब लोगों को 100 - 100 गज के प्लाट देने के अलावा मकान भी बना कर दिये जायेंगे। कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना लागू की जायेगी। घरेलू बिजली कनेक्शन पर 300 यूनिट तक फ्री बिजली दी जायेगी। जनता के लिए परेशानी का सबब बने परिवार पहचान पत्र को समाप्त किया जायेगा। किसानों को अलग अलग पोर्टलों से निजात दिलवाई जाएगी।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## न्यूज फ्लैश

### देश की चाय टाटा टी प्रीमियम मना रही है 'देश का गर्व'

**अंबाला ।** टाटा टी के विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो का प्रमुख ब्रांड टाटा टी प्रीमियम स्वतंत्रता दिवस के लिए अपनी देश का गर्व पहल के जरिए भारत और यहां की कला, संस्कृति और विरासत का जश्न मना रहा है। टाटा टी प्रीमियम ने अपने 'देश के धागे' अभियान के जरिए देशवासियों को देश के गौरव के रंगीन और खूबसूरत सफर पर ले जाने की योजना बनाई है। 'देश के धागे' अभियान में टाटा टी प्रीमियम भारत की समृद्ध हैंडलूम्स विरासत को सम्मानित कर रहा है। क्षेत्रीय अभिमान के सार को दशार्ते हुए, हरयाणा के लिए बनाए गए टाटा टी प्रीमियम के पैक सजे हैं अपनी अद्वितीय पैटर्न्स के लिए मशहूर पंजा दरी के डिजाइन से, जो अपनी मजबूती और लंबे समय तक टिकने वाली प्रकृति, शानदार सुंदरता के लिए लोकप्रिय हैं। टाटा टी प्रीमियम के लिमिटेड एडिशन पैक कलेक्शन का हर पैक एक शानदार कैनवास है जो भारतीय कारीगरों के अद्वितीय कौशल और कृतियों को प्रदर्शित करता है। महाराष्ट्र की राजसी पैठनी, उत्तर प्रदेश के शानदार बनारसी सिल्क से लेकर तमिलनाडु के बेहद खूबसूरत कांजीवरम, असम के मोहक मुगा सिल्क तक हर हैंडलूम सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। पहल पर टिप्पणी करते हुए, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के पैकेज्ड बेवरेजेज (भारत और दक्षिण एशिया) के अध्यक्ष, पुनीत दास ने कहा, स्वतंत्रता दिवस पर 'देश का गर्व' पहल के तहत टाटा टी प्रीमियम देश के निपुण कारीगरों, उनके समर्पण, कौशल और देश की सांस्कृतिक विरासत में उनके योगदान को सम्मानित कर रहा है। इस अभियान में हर भारतीय को हमारे देश के विविध हैंडलूम्स को और देश के गर्व को बुनने वाले धागों को सम्मानित करने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं।

### नाडा इंडिया फाउंडेशन ने इंटरनैशनल यूथ डे पर देश से तंबाकू के खात्मे का लिया प्रण

**शिमला:** युवा शक्ति ही समाज के साथ साथ देश में बदलाव में अपनी महत्वपूर्ण निभा सकती है फिर वह चाहे लोगों में पर्यावरण के प्रति सजगता प्रदान करना है या फिर देश से तंबाकू का सफाया कर देश में सेहतमंद नींव रखने के प्रयास हो। यह भाव शनिवार 12 अगस्त को मनाए जा रहे इंटरनेशनल यूथ डे के दिवस पर एक जूम वर्चुअल मीटिंग के दौरान जुटे हिमाचली यूथ लीडर्स के साथ साथ देश भर के युवाओं ने प्रकट किये। देश में तंबाकू सेवन पर अंकुश लगाने में जुटी गत दो दशकों से प्रयासरत नाडा इंडिया फाउंडेशन की पहल पर आयोजित इस बैठक में पालमपुर स्थित सीएसआईआर आईएचबीटी की स्कॉलर डॉ अर्चना शर्मा, शिमला स्थित प्रेजिडेंट अवार्ड से नवाजे गये ललित कुमार डोगरा और हिमालयन रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक डॉ विनीत जिस्टू सहित देशभर से जुटे वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि 77वें स्वतंत्रता वर्ष की ओर अग्रसर हो रहे इस देश के युवाओं से समर्पण भाव और वचनबद्धता की दरकार है और वे इस दिशा में अपनी भूमिका निभायें।

बैठक आयोजक व कर्मवीर पुरस्कार विजेता सुनील वात्सायन ने बैठक में प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुये बिगड़त पर्यायवरण के प्रति चिंता व्यक्त की और तंबाकू के साथ साथ अन्य वायु प्रदूषणों के कारणों को इसका दोषी बताया । उन्होंनें इस बात पर बल दिया कि युवा इस दिशा में न केवल तंबाकू से दूरी बनाये रखे बल्कि अन्य लोगों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरुकता फैलाकर एक ह्यहेल्थी नेशनह्ण का निर्माण करने में अपना योगदान दें। उन्होंनें बताया कि नाडा इंडिया फाउंडेशन ने इस स्वतंत्रता दिवस से देशव्यापी पहल शुरू की है जिसमें वे मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से तंबाकू के सफाया करने में संबंधित कानूनों का पुरजोर समर्थन करेगा। उन्होंनें बताया कि तंबाकू के संदर्भ में कड़े से कड़े कानून बनाये जाने की आवश्यकता हैं जिसमें कोटपा कानून में संशोधन की जरुरत है। ई-सिगरेट पर प्रतिबंध और ओटीटी प्रसारण पर तंबाकू सेवन संबंधी डिसक्लेमर संबंधित नियमों को उन्होंनें स्वागत किया। वात्सायन ने बताया कि नाडा इंडिया इससे पूर्व तंबाकू उत्पादों में कर बढ़ाने की वकालत करता रहा है जिससे की न केवल कम से कम युवाओं और बच्चों को दूर रखा जा सकता है बल्कि राजस्व में बढ़ोतरी कर देश के कई लंबित विकास परियोजनाओं को बल दिया जा सकता है।

### स्वतंत्रता दिवस पर नेक्सस अमृतसर में संगीतमय कार्यक्रम में लाइव प्रस्तुति देंगे दिव्यांग

**अमृतसर, :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नेक्सस अमृतसर में एटिपिकल एडवांटेज के साथ मिलकर मॉल में अनोखे अंदाज में अजादी का महोत्सव मनाया जायेगा। इस अवसर पर 15 अगस्त को मॉल परिसर में दिव्यांगों द्वारा लाईव परफारमेंस प्रस्तुत किया जायेगा। इसमें कस्टमर्स और संगीत प्रेमी दिव्यांग गायकों की प्रतिभा देखने के लिये एक साथ आयेंगें और उनका हौंसला बढ़ायेंगें। एटिपिकल एडवांटेज दिव्यांगों को सशक्त बनाने में कई वर्षो से प्रयासरत है। इंडियन आईडल रियलिटी शो का हिस्सा बन चुके रेशम तलवार अपनी कला से लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगें। इनके अलावा 15 सदस्यों के गायकों का बैंड भी इस अवसर पर शामिल होगा। नेक्सस मॉल्स के सीओओ जयेन नाईक ने इस अवसर पर कहा कि वे हमेशा ऐसे आयोजनों को आयोजित करने में गर्व महसूस करते हैं जो कि अलग होते हैं और जब प्रतिभा को मंच प्रदान करने की बात आती है तो वे हमेशा सबसे आगे रहे हैं। उन्होंनें कहा कि स्वतंत्रता दिवस के लिये मॉल ने एटिपिकल एडवांटेज के साथ हाथ मिलाया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके की हमारे पैटर्न विशेष योग्यता वाले इन दिव्यांगों की अद्भुत प्रतिभा का अनुभव कर सकें।

# जजपा के नवनियुक्त हल्काध्यक्ष व युवाध्यक्ष का पदाधिकारियों ने किया स्वागत

## जजपा की बैठक में नवनियुक्त हल्काध्यक्ष ने दिया हरि चुनरी चौपाल कार्यक्रम में पहुंचने का न्योता



**टीम एक्शन इंडिया/राई।** बहालगढ़ रोड स्थित पार्टी कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों ने नवनियुक्त हलकाध्यक्ष ओमप्रकाश रसोई व युवा हलकाध्यक्ष सुनील बड़ौली का पदाधिकारियों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। हलकाध्यक्ष ओमप्रकाश रसोई ने कहा कि पार्टी ने राई हलके की उन्हें दोबारा से जिम्मेदारी सौंपी है। उसका वे ईमानदारी से निवर्हन करते हुए युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए अभियान चलाएंगे और पार्टी की नीतियों का गांवों में प्रचार करेंगे। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रत्याशी अजीत आंतिल ने की। अजीत आंतिल ने बैठक में सभी पदाधिकारियों का आभार जताया। जननायक जनता पार्टी के हलकाध्यक्ष ओमप्रकाश रसोई ने कहा कि मिशन दुष्यंत-2024 के तहत दूसरे चरण में हरी चुनरी चौपाल कार्यक्रम बरोदा हलके के गांव भैंसवाल में 19 अगस्त को तीज के पावन पर्व पर किया जाएगा। इस चौपाल में विधायक नैना चौटाला बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए महिलाओं को संबोधित करेंगी। चौपाल के सफल आयोजन को लेकर हलकाध्यक्ष ने पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक में हलके से काफी संख्या में महिलाओं के पहुंचने का अश्वाशन दिया। उन्होंने कहा कि चौपाल को लेकर सभी पार्टी के कार्यकर्ता हलके के गांव-गांव जाकर महिलाओं को निमंत्रण देंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं इसमें भाग ले सकें। ओमप्रकाश ने कहा कि उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रयास किए। उन्होंने चुनाव के दौरान महिलाओं को किए गए पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण का वायदा भी पूरा किया।

इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी अजीत आंतिल, रणबीर खेवड़ा, अमित आंतिल, रामकुवार फौजी, पवन कुंडली, आशीष, राजेश, भोलू, अमित बसौदी, विनय, कुलदीप, राजेश मलिक आदि मौजूद थे।

# मेहनत से मेधावी अपनी अलग पहचान बनाते हैः देवेंद्र कादियान



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** **पांची** जाटान के राजकीय स्कूल के परिसर में युवा शक्ति संगठन की ओर से रविवार को दूसरा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन व प्रमुख समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने दीप प्रह्णजवलित कर किया। समारोह में दसवीं व बारहवीं कक्षा में प्रतिभावान विद्यार्थियों को सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा खेल व अन्य गतिविधियों में गांव का नाम रोशन करने वाले वाले बच्चों को मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान के हाथों से मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने युवा शक्ति संगठन की प्रशंसा करते हुए कहा कि संगठन का सराहनीय प्रयास है कि युवाओं को मोटिवेट करने को लेकर उन्हें सम्मान दिया जा रहा है। प्रत्येक गांव में इस तरह के कार्यक्रम रखे जाने चाहिए, ताकि युवा का मन भटकाव होने की बजाय पढ़ाई व खेलों में लगे। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत से मेधावी अपनी अलग पहचान बनाते है। उनके लिए दुनिया में कुछ भी नामुकिन नहीं है।

# दातौली गांव में फांसी के फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** दातौली गांव में एक महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना के बाद थाना बड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया। महिला के स्वजन ने पति व ससुराल पक्ष पर हत्या के आरोप लगाए हैं। स्वजन के ब्यान पर थाना बड़ी पुलिस ने पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी अनुसार हिसार की रहने वाली सुदेश का विवाह 17 साल पहले गांव दातौली के रहने वाले दिनेश के साथ हुआ था। दिनेश दिल्ली पुलिस में होमगार्ड के पद पर कार्यरत है। दोनों का आपस मे काफी साल से मनमुटाव चल रहा था। देर रात सुदेश का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटकाता हुआ मिला। जिसके बाद बड़ी थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया। हादसे की सूचना मिलने के बाद स्वजन मौके पर पहुंचे और उसके पति व उसके ससुराल पक्ष पर सुदेश की हत्या का आरोप लगाया। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी आशु राव ने बताया कि पुलिस ने महिला के पति दिनेश, ननद सहित ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपितों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# भूतपूर्व सैनिक वियोवृद्ध रिछपाल धनखड़ को किया सम्मानित

**गन्नौर। भूतपूर्व** सैनिक संगठन की मासिक बैठक नायब सूबेदार ओमप्रकाश मालिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन केप्टन एसएस दहिया ने किया। बैठक में एसएस सहरावत ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान भूतपूर्व सैनिक वियोवृद्ध रिछपाल धनखड़ के 85 वर्ष पूरे होने पर उन्हें बधाई दी। रिछपाल मलिक ने आजादी के समय का संघर्ष सांझा किया। उन्होंने बताया कि आजादी के समय वह 10 साल के थे। उस समय असंख्य जवानों ने अपनी जान की बाजी लगा कर देश को आजाद करवाया था। इसके बाद उनमें भी देश सेवा का जज्बा पैदा हुआ। जिसके चलते वह भारतीय सेना में शामिल हुए। एसएस सहरावत ने भारत माता के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी।

# मुनीष देव बने श्री प्रजापति धर्मशाला सेवा समिति के प्रधान



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** श्री प्रजापति धर्मशाला सेवा समिति सारण रोड पर प्रजापति समाज की एक बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से मु नीष देव को प्रधान, प्रदीप को उप प्रधान ,सुरेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष, महावीर सचिव, धर्मवीर को सयुक्त सचिव चुना गया, कार्यकारिणी सदस्य विनोद, अमित कुमार आनंद ,शिवकुमार प्रमोद व रमेश कुमार को बनाया गया, नवनियुक्त प्रधान मु नीष देव ने समिति के सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि समिति ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, मैं उन्हें विश्वास दिलाता हूं अपने सभी साथियों के साथ मिलकर समिती को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत करेंगे और उनकी कोशिश रहेगी कि श्री प्रजापति धर्मशाला सेवा समिति को एक अच्छा मुकाम हासिल हो सकें , इस मौके पर दीपक, महिंद्र सिंह, बलवान सिंह, रणबीर सिंह, महावीर सिंह, नरेश गामड़ी, डॉ सुनील, संदीप गोहाना, मास्टर सुनील, हवा सिंह वर्मा, महावीर राठधाना आदि उपस्थित रहे

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत गांव नाहरी से निकाली गई तिरंगा यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/राई।** आजादी का अमृत महोत्सव के समापन पर पूरे देश में रविवार को हर घर तिरंगा अभियान का आगाज हुआ। इसी कड़ी में राई हलके के गांव नाहरी से तिरंगा यात्रा निकाली गई। राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली ने बतौर मुख्यातिथि तिरंगा झंडा फहराकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। भाजपा भाजपा उपाध्यक्ष पुनीत राई, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं सरपंच योगेश जठेड़ी व अन्य पदाधिकारियों के साथ तिरंगा यात्रा भारत माता की जय के नारो में गूंजता दिखाई दिया। विधायक बड़ौली ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान जिला में जन आंदोलन बन चुका है। प्रशासन के साथ-साथ अनेक संगठनों ने इस राष्ट्रव्यापी अभियान को सफल बनाने के लिए अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर भारतीय के लिए तिरंगा स्वाभिमान है। तिरंगा लहराने का यह अवसर असंख्य वीर बलिदानियों की बदौलत हमें मिला है। उन्होंने कहा कि सभी जिलावासी इस महाभियान में भागीदारी बने साथ ही इस बात भी ध्यान रखें राष्ट्रीय ध्वज लहराते समय इसकी गरिमा बनी रहे। भाजपा उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के साथ जुडक़र सभी 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दें। इसके अलावा अपने आसपास के लोगों को भी इस अभियान से जुडऩे के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि तिरंगा कोई कपड़े का टुकड़ा नहीं है। यह 135 करोड़ भारतीयों को जोड़ता है। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं सरपंच जठेड़ी योगेश जठेड़ी ने कहा कि तिरंगा राष्ट्र की शान और पहचान है। इसलिए परिवार के सभी छोटे बड़े मिलकर अपने अपने घर पर तिरंगा लहराएं। इस दौरान उन्होंने आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गांव नाहरी से शुरू होकर यह तिरंगा यात्रा नाहरा, माजरा, छतेहरा व जठेड़ी से होती हुए राई स्पोर्टस स्कूल में पहुंची जहां इसका समापन हुआ। हजारों देशभक्तों ने अपनी मुट्ठी में मिट्टी लेकर प्रधानमंत्री के पंच प्रण की थपथ ली कि वे अपने मन, वाणी व कर्म से देश को विकसित करने के लिए सदैव तैयार व प्रयत्नशील रहेंगे। गुलामी व उपनिवेश की मानसिकता के किसी भी प्रतीक को अपने आचार व व्यवहार से दूर रखेंगे। अपने देश की विरासत पर हमेशा गौरवान्वित महसूस करेंगे। उन्होंने प्रण लिया कि हम अपने देश की अखंडता व एकता को हमेशा बनाएं रखेंगे। देश को खंडित करने वाले तत्वों से हमेशा देश की रक्षा करेंगे। एक जागरूक नागरिक होने के नाते हम अपने उत्तरदायित्व एवं कर्तव्यबोध के प्रति जागरूक होकर समाज एवं देश के विकास हेतु सदैव प्रयत्नशील रहेंगे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा, समाजसेवी माईराम कौशिक, राजेन्द्र कौशिक, कुण्डली नगरपालिका की चेयरपर्सन शिमला देवी, जसवीर, भक्ता ठेकेदार, नंदकिशोर, अशोक भारद्वाज, नरेन्द्र धीमान, मुकेश, विनोद, अरूण, सुनील सरंपच सहित विभिन्न गांवों के सरपंच तथा हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब वृद्ध आश्रम में असहाय लोगों को भोजन करवाया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** रोटरी क्लब गनौर द्वारा दतौली गांव के वृद्धाश्रम में असहाय लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। प्रोजेक्ट में मुख्य योगदान डॉक्टर जोगेंद्र धनखड़ व दीपक जैन रहे। नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन पवन जैन का विशिष्ट योगदान रहा। क्लब के प्रधान राजेश जैन ने कहा कि वह आगे भी आश्रम में जब भी उनके सहयोग की जरूरत रहेगी वह सहयोग करेंगे।

# फ्लाइओवर का क्षतिग्रस्त टुकड़ा दे रहा हादसों को न्योता

## भिगान टोल प्लाजा के निकट फ्लाइओवर का टुकड़ा हुआ क्षतिग्रस्त



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** **राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या 44 भिगान टोल प्लाजा के निकट फ्लाइओवर का किनारा पिछले काफी दिनों से क्षतिग्रस्त पड़ा है। यह किनारा पिछले दिनों को ही वर्षा के बाद टूट गया था जिस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 देश के सबसे व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्गों में से एक है। यहां से सैकड़ो वीआईपी व आमजन गुजरते हैं। जिनकी सुरक्षा को लेकर एनएच विभाग के अधिकारी लापरवाह बने हुए है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 के इस हिस्से का निर्माण और संचालन वेलस्पन कंपनी द्वारा किया गया है। कंपनी द्वारा इस रोड पर चलने वाले राहगीरों से भिगान टोल प्लाजा पर करोड़ों रुपए का टैक्स वसूला जा रहा है। इसके बावजूद भी राजमार्ग की मेंटिनेंस पर खास ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार लगभग 1 महीने पहले वर्षा के बाद से फ्लाईओवर का यह हिस्सा टूट कर गिर गया था। जिसके बाद से इसकी रिपेयरिंग पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह क्षतिग्रस्त टुकड़ा सर्विस रोड पर चलने वाले वाहनों के लिए भी खतरा बना हुआ है। निकटवर्ती गांवों के ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों, एनएच विभाग के अधिकारियों से अविलंब इस क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके और हादसा होने से बचाया जा सके।

# देश-प्रदेश में आम चुनावों की उलटी गिनती शुरू: रविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल। सिंघाना** रोड स्थित जननायक जनता पार्टी के जिला कार्यालय में युवा जजपा का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें युवा जजपा के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सांगवान एवं युवा प्रदेश प्रभारी सुनील राणा मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता युवा जजपा के जिलाध्यक्ष युद्धवीर पालड़ी ने की। यह जानकारी देते हुए जजपा के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि इन दोनों नेताओं का युवा कार्यकाताओं ने ढौल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। नसीबपुर गांव से लेकर महावीर चौक स्थित पार्टी कार्यालय तक उन्हें खुली गाड़ी में उन्हें जुलूस के साथ लाया गया।

# मीनाक्षी लेखी ने ट्रीमैन देवेंद्र सूरा को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** पर्यावरण संरक्षण के लिए धरती को हरा-भरा बनाने की मुहिम को साकार करने में जुटे ट्रीमैन देवेंद्र सूरा को उनके जनहित के कार्यों के लिए दिल्ली में केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ भावना से जनहित व आने वाली पीढ़ियों को सुनहरा कल देने के लिए देवेंद्र सूरा द्वारा चलाई गई मुहिम अतुलनीय है। देवेंद्र सूरा के कार्यों की जितनी तारीफ की जाए, उतनी कम है। उन्होंने खुद भी पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाई गई धरती को हरा-भरा करने की मुहिम के साथ जुड़ने की इच्छा जताई। सोनीपत के गांव जागसी निवासी देवेंद्र सूरा चंडीगढ़ पुलिस में बतौर कांस्टेबल कार्यरत है। अपने व्यस्त समय में से भी वह पर्यावरण के लिए समय निकाल ही लेते हैं। चंडीगढ़ में चारों तरफ हरियाली को देखकर उनके मन में आया कि सोनीपत को भी हरा भरा बनाएं। इसके लिए वह लोन लेकर उत्तर प्रदेश से पौधे लेकर आए और पौधरोपण अभियान की शुरूआत की। साल 2012 में इस मुहिम को लेकर अकेले ही आगे बढ़े थे, लेकिन उनकी निस्वार्थ भावना को देखते हुए उनके साथ युवा जुड़ते चले गए। आज प्रदेश भर में करीब 10 हजार से अधिक युवाओं ने उनके साथ धरती को हरा-भरा करने के इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दे दिया है। देवेंद्र सूरा के पर्यावरण संरक्षण हेतू किए गए बेहतर कार्यो के लिए शनिवार को दिल्ली में केंद्रीय राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी ने आयोजित समारोह में शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। ट्रीमैन देवेंद्र सूरा ने कहा कि उन्होंने कभी किसी सम्मान की लालसा नहीं की। सभी जन पौधरोपण का महत्व समझें और धरती को हरा-भरा बनाने में अपना योगदान दें, तभी मेरा प्रयास सफल होगा। आज हमारे अभियान के साथ युवा लगातार जुड़ते जा रहे हैं, यही मेरी ताकत और सबसे बड़ा सम्मान है।

# श्री श्री 1008 श्री प्रेमसुख जी महाराज के 26वां पावन स्मृति दिवस मनाया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** आलोक मुनि महाराज ने कहा है कि विश्व शांति के लिए अध्यात्म को आत्मसात करें। गरीबों के मसीहा, शान ए जिनशासन, चमत्कारी बाबा, परम सेवाभावी श्री श्री 1008 श्री प्रेमसुख जी महाराज के 26वें पावन स्मृति दिवस पर गुरुदेव श्री के पावन स्मृति महोत्सव विश्व शांति महायज्ञ में यही संदेश है। पुरखास की पावन भूमि पर गुणगान हुआ है सवा लाख मंत्रों का उच्चारण किया गया। धर्म का संदेश देती झांकियां निकाली गई। कांग्रेस नेता राजेश पहलवान पुरखासिया ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में आने श्रावकों के लिए अनंत भंडारा दिया गया। श्रमण संघीय आचार्य सम्राट शिव मुनि महाराज, उत्तर भारतीय प्रवर्तक आशीष मुनि महाराज के शिष्य व उपाध्याय प्रवर रविंद्र मुनि महाराज एवं श्रमण संघीय सलाहकार रमणीक मुनि महाराज साहब के सुशिष्य संत रत्न संत रत्न सेवा शिरोमणि आलोक मुनि महाराज , वाणी भूषण अमन मुनि महाराज,अक्षय मुनि महाराज , बाल ब्रह्मचारी दादा गुरुदेव स्वामी भागमल के प्रपौत्र शिष्य गुरूदेव प्रेमसुख जी म. के पौत्र सुशिष्य सन्त रत्न सेवा शिरोमणि आलोक मुनि महाराज की पावन प्रेरणा से मनाया गया है।

## संपादकीय

# इस बार 'इसलिए' अहम है 15 अगस्त

**लंबे का**लखंड के बाद 15 अगस्त, 1947 को भारत में आजादी का सूरज उगा था। तब से हम हर साल 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस के रूप में मनाते हैं। इस बार का स्वतंत्रता दिवस कुछ खास है। वह इसलिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 मार्च, 2021 को 'आजादी का अमृत महोत्सव' का शुभारंभ गुजरात में अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से किया था। उसका समापन इस बार होगा। इसके साथ 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के सपने को साकार करने के लिए देश को नई ऊर्जा और उत्साह के साथ 'अमृत काल' में प्रवेश कराया जाएगा। इस साल नई दिल्ली में लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस को मनाने के लिए अनूठी पहल की गई हैं। पिछले साल की तुलना में इस वर्ष बड़ी संख्या में अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐतिहासिक लाल किले से समारोह का नेतृत्व करेंगे। राष्ट्रीय पर्व के इस समारोह को देखने के लिए देश भर से विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लगभग 1,800 लोगों को विशिष्ट अतिथि के रूप में उनके जीवनसाथी के साथ आमंत्रित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी लाल किले की प्राचीर पर ध्वजारोहण कर इस ऐतिहासिक स्मारक से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। यह पहल सरकार के 'जनभागीदारी' दृष्टिकोण के अनुरूप की गई है। इन विशिष्ट अतिथियों में 660 से अधिक जीवंत गांवों के 400 से अधिक सरपंच, किसान उत्पादक संगठन योजना से जुड़े 250 लोग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के 50-50 प्रतिभागी, नए संसद भवन सहित सेंट्रल विस्टा परियोजना से जुड़े 50 श्रमयोगी (निर्माण श्रमिक), 50-50 खादी कार्यकर्ता, सीमा पर स्थित सड़कों के निर्माण, अमृत सरोवर और हर घर जल योजना से जुड़े लोगों के साथ-साथ 50-50 प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक, नर्स और मछुआरे शामिल हैं। सरकार ने इनमें से कुछ विशिष्ट अतिथियों को दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक को दिखाने की व्यवस्था की है। साथ ही प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से 75 जोड़ों को भी पारंपरिक पोशाक में इस समारोह को देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस बार बड़ी बात यह है कि राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, इंडिया गेट, विजय चौक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, प्रगति मैदान, राजघाट, जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन, दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन, आईटीओ मेट्रो गेट, नौबत खाना और शीश गंज गुरुद्वारा सहित 12 स्थानों पर सरकार की विभिन्न योजनाओं को समर्पित सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। इस समारोह की कड़ी के रूप में रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में 15-20 अगस्त तक मायगव पोर्टल पर ऑनलाइन सेल्फी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। लोगों को इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए 12 में से एक या अधिक स्थानों पर सेल्फी लेने और उन्हें मायगव प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। 12 विजेताओं का चयन किया जाएगा। प्रत्येक विजेता को 10,000 रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। लाल किले में प्रधानमंत्री के गार्ड ऑफ ऑनर दल में सेना, वायु सेना और दिल्ली पुलिस के एक-एक अधिकारी और 25 कर्मी व नौसेना के एक अधिकारी और 24 कर्मी शामिल होंगे। भारतीय सेना इस वर्ष समन्वय सेवा की भूमिका में है।

# हर घर तिरंगा अभियान और ध्वज संहिता का मान

**प्रियंका सौरभ**

> "ध्वज किसी अधिकारी की गाड़ी पर लगाया जाए तो उसे सामने की ओर बीचोंबीच या कार के दाईं ओर लगाया जाए। ध्वज पर कुछ भी लिखा या छपा नहीं होना चाहिए और फटा या मैला ध्वज नहीं फहराया जाता है। अगर ध्वज फट जाए या मैला हो जाए तो उसे एकांत में मर्यादित तरीके से पूरी तरह से नष्ट किया जाना चाहिए। ध्वज केवल राष्ट्रीय शोक के अवसर पर ही आधा झुका रहता है किसी दूसरे ध्वज या पताका को राष्ट्रीय ध्वज से ऊँचा या ऊपर नहीं लगाया जाएगा, न ही बराबर में रखा जाएगा तिरंगे का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिये नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा ध्वज का उपयोग उत्सव के रूप में या किसी भी प्रकार की सजावट के लिये नहीं किया जाना चाहिये। भारतीय ध्वज संहिता 26 जनवरी 2002 को प्रभावी हुई"

**अपना** राष्ट्रीय ध्वज यानी तिरंगा। इसको लहराते देख गर्व से सीना चौड़ा हो जाता है। इस के सम्मान में इसे सैल्यूट करने का मन चाहता है। हमारे राष्ट्रीय प्रतीकों का कोई दुरुपयोग ना करे, कोई इनका अपमान न करे। झंडों को फेंके नहीं, कूड़ेदान में भी नहीं डालें। घर पर लगे झंडों को तह बनाकर घर में रखे। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत लोगों ने अपने घरों में झंडे लगाए हैं। ऐसे में लोग सम्मान के साथ इन तिरंगों को साफ करके प्रेस करके घर के अंदर उन्हें संभालकर रख सकते हैं। इन झंडों का इस्तेमाल अगले साल के लिए किया जा सकता है। आजादी का अमृत महोत्सवह्ल मनाने के जोश में इस बात का होश न खोने पाए कि राष्ट्रीय ध्वज का अपना एक सम्मान है। इसका किसी भी रूप में अपमान आपकी आजादी पर भारी पड़ सकता है। भारत की स्वतंत्रता के 76वें वर्ष के जश्न के हिस्से के रूप में, भारत सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया है। अभियान में भाग लेते समय भारतीय ध्वज संहिता को समझना जरूरी है। 'हर घर तिरंगा' आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में एक अभियान है, जिसका उद्देश्य लोगों को तिरंगे को घर लाने और भारत की आजादी के 76वें वर्ष के उपलक्ष्य में इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अभियान के माध्यम से नागरिकों को 13 से 15 अगस्त 2023 तक अपने घरों में झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया है। इस पहल के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज भारत के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। यह हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सार्वभौमिक स्नेह, सम्मान और निष्ठा है। यह भारत के लोगों की भावनाओं और मानस में एक अद्वितीय और विशेष स्थान रखता है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का फहराना/उपयोग/प्रदर्शन राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय ध्वज संहिता, 2002 द्वारा नियंत्रित होता है। भारतीय ध्वज संहिता राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन के लिए सभी कानूनों, सम्मेलनों, प्रथाओं और निदेशों को एक साथ लाती है। यह निजी, सार्वजनिक और सरकारी संस्थानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन को नियंत्रित करता है। अपना राष्ट्रीय ध्वज




यानी तिरंगा। इसको लहराते देख गर्व से सीना चौड़ा हो जाता है। इस के सम्मान में इसे सैल्यूट करने का मन चाहता है। सबसे पहले 7 अगस्त 1906 कलकत्ता (अब कोलकाता) में ह्यलोअर सर्कुलर रोडह्ल के पास पारसी बागान स्क्वायर पर पहला राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया था। उस समय इसमें लाल, पीले और हरे रंग की तीन क्षैतिज पट्टियाँ बनी हुई थीं। इसके बाद, कई बदलावों से गुजरते हुए यह राष्ट्रीय ध्वज 22 जुलाई, 1947 को संविधान सभा द्वारा इसके मौजूदा स्वरूप में स्वीकार किया गया। इसके मौजूदा स्वरूप को डिजाइन करने में स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकय्या का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौजूदा राष्ट्रीय ध्वज में सबसे ऊपर गहरा केसरिया, बीच में सफेद और सबसे नीचे गहरा हरा रंग बराबर अनुपात में है। झंडे की चौड़ाई और लम्बाई का अनुपात 2:3 है। सफेद पट्टी के केंद्र में गहरा नीले रंग का चक्र है, जिसका प्रारूप अशोक की राजधानी सारनाथ में स्थापित सिंह के शीर्षफलक के चक्र में दिखने वाले चक्र की तरह है। चक्र की परिधि लगभग सफेद पट्टी की चौड़ाई के बराबर है। चक्र में 24 तीलियाँ हैं। हमारे राष्ट्रीय प्रतीकों का कोई दुरुपयोग ना करे, कोई इनका अपमान न करे। इसी को ध्यान में रखते हुए साल 1950 में प्रतीक और नाम (अनुचित उपयोग रोकथाम) अधिनियम, 1950 लाया गया। यह राष्ट्रीय ध्वज, सरकारी विभाग द्वारा उपयोग किये जाने वाले चिह्न, राष्ट्रपति या राज्यपाल की आधिकारिक मुहर, महात्मा गांधी और प्रधानमंत्री के चित्रमय निरूपण तथा अशोक चक्र के उपयोग को प्रतिबंधित करता है।

इसके बाद राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 लाया गया। यह राष्ट्रीय ध्वज, संविधान, राष्ट्रगान और भारतीय मानचित्र समेत देश के सभी राष्ट्रीय प्रतीकों के अपमान को प्रतिबंधित करता है। जब भी ध्वज फहराया जाए तो उसे सम्मानपूर्ण स्थान दिया जाए। उसे ऐसी जगह लगाया जाए, जहाँ से वह स्पष्ट रूप से दिखाई दे। सरकारी भवनों पर रविवार और अन्य छुट्टियों के दिनों में भी ध्वज को सूर्योदय से सूर्यास्त तक फहराया जाता है, विशेष अवसरों पर इसे रात को भी फहराया जा सकता है। यानी आमतौर पर सूर्यास्त के बाद ध्वज को फहराने की अनुमति नहीं है। ध्वज को सदा स्फूर्ति से फहराया जाए और धीरे-धीरे आदर के साथ उतारा जाए। फहराते और उतारते समय बिगुल बजाया जाता है तो इस बात का ध्यान रखा जाए कि ध्वज को बिगुल की आवाज के साथ ही फहराया और उतारा जाए। ध्वज का प्रदर्शन सभा मंच पर किया जाता है तो उसे इस प्रकार फहराया जाएगा कि जब वक्ता का मुँह श्रोताओं की ओर हो तो ध्वज उनके दाहिने ओर हो। ध्वज किसी अधिकारी की गाड़ी पर लगाया जाए तो उसे सामने की ओर बीचोंबीच या कार के दाईं ओर लगाया जाए। ध्वज पर कुछ भी लिखा या छपा नहीं होना चाहिए और फटा या मैला ध्वज नहीं फहराया जाता है। अगर ध्वज फट जाए या मैला हो जाए तो उसे एकांत में मर्यादित तरीके से पूरी तरह से नष्ट किया जाना चाहिए। ध्वज केवल राष्ट्रीय शोक के अवसर पर ही आधा झुका रहता है किसी दूसरे ध्वज या पताका को राष्ट्रीय ध्वज से ऊँचा या ऊपर नहीं लगाया जाएगा, न ही बराबर में रखा जाएगा तिरंगे का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिये नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा ध्वज का उपयोग उत्सव के रूप में या किसी भी प्रकार की सजावट के लिये नहीं किया जाना चाहिये। भारतीय ध्वज संहिता 26 जनवरी 2002 को प्रभावी हुई। भारतीय ध्वज संहिता, 2002 को 30 दिसंबर, 2021 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया था। अब, राष्ट्रीय ध्वज हाथ से काते और हाथ से बुने हुए या मशीन से बने, कपास/पॉलिएस्टर/ऊनी/रेशम खादी के बने होंगे। जनता का एक सदस्य, एक निजी संगठन या एक शैक्षणिक संस्थान राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा और सम्मान के अनुरूप, सभी दिनों और अवसरों पर, समारोह में या अन्यथा, राष्ट्रीय ध्वज फहरा/प्रदर्शित कर सकता है। भारतीय ध्वज संहिता, 2002 को 19 जुलाई, 2022 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया था। अब, जब झंडा खुले में प्रदर्शित किया जाता है या जनता के किसी सदस्य के घर पर प्रदर्शित किया जाता है, तो इसे दिन और रात फहराया जा सकता है। राष्ट्रीय ध्वज का आकार आयताकार होगा। झंडा किसी भी आकार का हो सकता है लेकिन झंडे की लंबाई और ऊंचाई (चौड़ाई) का अनुपात 3:2 होगा। पहले ध्वज को खुले में सूर्योदय से सूर्यास्त तक फहराने की ही अनुमति थी। अब कोई भी भारतीय नागरिक, निजी या शैक्षणिक संस्थान सभी दिवसों और अवसरों पर दिन-रात राष्ट्रीय ध्वज के गौरव और सम्मान के अनुरूप तिरंगा फहरा सकता है। अब कपास, ऊन, रेशम और खादी के हाथ से बुने, हाथ से सिले और मशीन से बने ध्वज के अलावा पॉलिएस्टर से बने या सिले ध्वज के उपयोग की भी अनुमति दे दी गई है। डेमेज हुए झंडों को दफनाने के लिए सभी डैमेज हुए झंडों की तह बनाकर लकड़ी के बॉक्स में रखा जाता है। फिर उसे सुरक्षित स्थान पर जमीन में दफनाया जाता है। ऐसा करते वक्त शांतिपूर्ण माहौल होना चाहिए। झंडे को जलाने के लिए सुरक्षित जगह चुनें, झंडे को ढंग से तह करें और उसे ध्यान से आग पर रख दें। झंडों को फेंके नहीं, कूड़ेदान में भी नहीं डालें। घर पर लगे झंडों को तह बनाकर घर में रखे। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत लोगों ने अपने घरों में झंडे लगाए हैं। ऐसे में लोग सम्मान के साथ इन तिरंगों को साफ करके प्रेस करके घर के अंदर उन्हें संभालकर रख सकते हैं।

## कविता

मैं मर जाऊँ तो मेरी सिर्फ ये पहचान लिख देना
मेरे माथे पे मेरे खूँ से हिन्दुस्ता लिख देना

वही कि अज्मतों पे जिन की जन्नत भी निछावर है
वो हैं भारत के मेरे खेत ओर खलिहान लिख देना

जो तुम से स्वर्ग का संछिप्त वर्णन कोई करवाए
तुम इक कागज उठा कर सिर्फ हिंदुस्तान लिख देना

हमारे मुल्क का इतिहास जब भी तुम कभी लिखना
मुसलमानों को दिल ओर हिंदुओं को जान लिख देना

यहाँ इक दूसरे को बांटते हैं प्यार आपस में
यहाँ होता है हर इक धर्म का सम्मान लिख देना

मेरी तहजीबो-यकजहती के ये रौशन मिनारे हैं
ग्रन्थो, बाइबीलो-गीता ओर कुरआन लिख देना

जकी ये जिस्मो-जाँ क्या मालो-जर क्या ऐशो-इशरत क्या
मेरा सब कुछ मेरे भारत पे है कुर्बान लिख देना

**जकी तारिक**

# राजनीतिक समाचारों से जुड़ा कलंक

**सूचना** अधिभार और तीव्र राजनीतिक ध्रुवीकरण के प्रभुत्व वाले युग में, पत्रकारिता के परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है। दुर्भाग्य से, एक परेशान करने वाली प्रवृत्ति सामने आई है: राजनीतिक समाचार पत्रकारिता के क्षेत्र में एक कलंक बन गए हैं। इस घटना की विशेषता उन पत्रकारों की निरंतर जांच है जो राजनीतिक मामलों पर सच्चाई से रिपोर्ट करते हैं, जिसमें प्रत्येक पक्ष दूसरे पर पक्षपात करने और तथ्यों को विकृत करने का आरोप लगाता है। यह लेख इस परेशान करने वाली प्रवृत्ति की उत्पत्ति और परिणामों पर प्रकाश डालता है, पत्रकारों, समग्र रूप से पत्रकारिता और अंततः जनता पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों की खोज करता है।

**ध्रुवीकरण का उदय और पत्रकारिता पर इसका प्रभाव**-राजनीतिक समाचारों में मौजूदा संकट की जड़ें समाज के बढ़ते ध्रुवीकरण में छिपी हैं। जैसे-जैसे वैचारिक विभाजन गहराता जा रहा है, व्यक्ति अपने विश्वासों में और अधिक मजबूत होते जा रहे हैं और ऐसे समाचार स्रोतों की तलाश कर रहे हैं जो उनके पहले से मौजूद पूर्वाग्रहों से मेल खाते हों। यह घटना, जिसे आमतौर पर पुष्टिकरण पूर्वाग्रह के रूप में जाना जाता है, ने प्रतिध्वनि कक्षों और फि ल्टर बुलबुले का निर्माण किया है, जहां लोग समान विचारधारा वाले व्यक्तियों से घिरे होते हैं और असहमतिपूर्ण दृष्टिकोण से बचाए जाते हैं। पत्रकार सत्य की खोज में अपनी स्वतंत्रता और अपने जीवन को जोखिम में डालते हैं, फिर भी सराहना के बजाय, उन्हें अक्सर संदेह और संदेह का सामना करना पड़ता है, जो समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को कमजोर करने का एक रणनीतिक कदम है। बदले में, पत्रकार अक्सर इस विभाजनकारी परिदृश्य की गोलीबारी में फंस जाते हैं। राजनीतिक मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय, उन्हें अपने लक्षित दर्शकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए भारी दबाव का सामना करना पड़ता है। यदि कोई पत्रकार एक सच्चा विवरण प्रस्तुत करता है जो एक पक्ष की पूर्वकल्पित धारणाओं को चुनौती देता है, तो उन पर पक्षपात का आरोप लगने या यहां तक कि व्यक्तिगत हमलों का सामना करने का जोखिम होता है। यह दमघोंटू माहौल पत्रकारिता की अखंडता के लिए हानिकारक है और इसके मूल उद्देश्य को कमजोर करता है: जनता को सटीक और निष्पक्ष जानकारी प्रदान करना।

**धारणा समस्या: पत्रकारों, पत्रकारिता और जनता के लिए एक नुकसान**

राजनीतिक समाचारों से जुड़े कलंक का प्रभाव कई हितधारकों के लिए कई गुना और हानिकारक है। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, यह पत्रकारों को अपने पेशे को ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ आगे बढ़ाने से हतोत्साहित करता है। प्रतिशोध का डर या जनता का विश्वास खोने से पत्रकारिता के बुनियादी सिद्धांतों से समझौता करते हुए आत्म-सेंसरशिप हो सकती है। पत्रकारों को विवादास्पद राजनीतिक मुद्दों पर सटीक रिपोर्टिंग करने से हतोत्साहित किया जाता है।

## विचार

# चंद्रयान -3 के बाद अब लूना-25 ने भरी अंतरिक्ष में हुंकार

**रूस-यूक्रेन** युद्ध के बीच हाल ही में रूस ने भारत के चंद्रयान -3 मिशन के साथ होड़ दिखाते हुए अपना चंद्रयान मिशन लांच किया है। रसिया या रूस ने अपने चंद्रयान मिशन को लूना-25 नाम दिया है। यह बहुत ही आश्चर्यजनक है कि रूस ने कोई पांच चार साल बाद नहीं अपितु पूरे सैंतालीस साल बाद अपना मून मिशन सफलतापूर्वक लांच कर दिया है। इस मिशन की सबसे बड़ी बात यह है कि यह मिशन भारत के चंद्रयान मिशन -3 से पहले चांद पर उतरेगा। जानकारी देता चलूं कि रूस के मून मिशन से पहले 14 जुलाई को भारत ने चंद्रयान-3 लॉन्च किया है। अंतरिक्ष के मामले में रूस भारत समेत विश्व के अन्य सभी देशों से कितना आगे है इस बात का पता हमें मात्र इससे चलता है कि चंद्रयान -3 से करीब एक महीना बाद लांच किए जाने के बावजूद यह हमारे मिशन से पहले चांद की सतह पर लैंडिंग करेगा। हालांकि हमारे मिशन की भी अपनी खासियतें और विशेषताएं हैं लेकिन रूस द्वारा हाल ही में 11 अगस्त की सुबह 4:40 बजे (स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 10 मिनट पर) के करीब अमूर ओब्लास्ट के वोस्तोनी कॉस्मोड्रोम से लूना-25 लैंडर मिशन लॉन्च किया गया है । बताया जा रहा है कि लॉन्चिंग सोयुज 2.1बी एक अत्यंत शक्तिशाली रॉकेट से किया गया है इसे लूना-ग्लोब मिशन भी कहते हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि रूस ने 1976 के एक लंबे समय के बाद अपना मिशन लांच किया है। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि जिस प्रकार से भारत के स्पेस संगठन का नाम इसरो है उसी प्रकार से रूसी स्पेस एजेंसी का नाम रोस्कोस्मोस है। जानकारी देना चाहूंगा कि रूस का लूना-25 लैंडर चंद्रयान-3 की तरह 21 या 22 अगस्त को चांद की सतह पर लैंड करेगा वहीं भारतीय मिशन जिसे चंद्रयान-3 नाम दिया गया है, को भारत ने 14 जुलाई को लॉन्च किया था, जो 23 अगस्त को चांद पर लैंड करेगा। अगर इसने लैंडर और रोवर चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया तो भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव या साउथ पोल पर उतरने वाला रूस के बाद दूसरा देश होगा। वैसे पाठकों को यहां यह भी बता दूं कि लूना- 25 और चंद्रयान-3 के चांद पर उतरने का समय करीब-करीब एक ही होगा। लूना कुछ घंटे पहले ही चांद की सतह पर लैंड करेगा। उल्लेखनीय है कि विश्व में अबतक जितने भी चांद मिशन भेजे गए हैं, वे चांद के भूमध्य रेखा पर ही पहुंचे हैं। रूस का वर्तमान में चांद पर भेजा गया लूना-25 मिशन यदि सफल हुआ तो ऐसा पहली बार होगा कि कोई देश चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करेगा। रूस के लूना-25 मिशन का लक्ष्य चंद्रमा की सतह पर ऑक्सीजन की खोज और आंतरिक संरचना पर रिसर्च करना है, जबकि चंद्रयान-3 का लक्ष्य चांद की सतह पर सुरक्षित और नरम लैंडिंग करना है। जानकारी मिलती है कि रूस के इस मिशन में किट की लंबाई करीब 46.3 मीटर है और इसका व्यास 10.3 मीटर है। इसके बाद 313 टन वजनी रॉकेट 7-10 दिनों तक चांद का चक्कर लगाएगा। दरअसल,लूना-25 का आकार छोटी कार के बराबर है?। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि रूस के चंद्र मिशन का मुख्य उद्देश्य चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग तकनीक को बेहतर बनाना है। यह पानी समेत कई प्राकृतिक संसाधनों की खोज करेगा। लूना-25 लैंडर में कई कैमरे मौजूद हैं। ये कैमरे लैंडिंग की टाइमलैप्स फुटेज और अद्भुत तस्वीरें खींचेगा। वास्तव में, रूस की योजना लैंडर को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतारने की है, क्यों कि चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पानी मिलने की संभावना है। दरअसल, 2018 में नासा ने बताया था कि चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पानी मौजूद है। लैंडर में एक खास यंत्र लगाया गया है, जो कि सतह की छह इंच की खुदाई करेगा। इतना ही नहीं लूना- 25 पत्थर और मिट्टी के सैंपल भी जमा करेगा। इससे पता लगाया जा सकेगा कि चांद पर पानी की मौजूदगी है। हालांकि रूस ने अपने लूना -25 के मिशन के बारे में यह बात कही है कि वह किसी देश या स्पेस एजेंसी के साथ प्रतियोगिता नहीं कर रहे हैं।

दोनों मिशन में( भारत और रूस) लैंडिंग के लिए अलग- अलग क्षेत्रों की योजना है, लेकिन रूस यूक्रेन युद्ध के बीच अचानक रूस का मिशन लांच करना संपूर्ण विश्व को आश्चर्य में डाल रहा है। सच तो यह है कि रूस के इस अभियान की होड़ कहीं न कहीं चीन और अमेरिका के मून मिशन से है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# भूत व भविष्य के कथानक का केंद्र बनती भारतीय संसद ?

**तनवीर जाफरी**

**'इंडिया'** गठबंधन के अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के जवाब में आखिरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गत 10 अगस्त को लोकसभा में करीब सवा दो घंटे लंबा भाषण देना ही पड़ा। परन्तु चूँकि मोदी सरकार के विरुद्ध विपक्ष यानी 'इंडिया' गठबंधन' यह अविश्वास प्रस्ताव इसलिए लाया था ताकि मणिपुर पर संसद में चर्चा हो सके। चर्चा हुई भी,गृह मंत्री अमित शाह भी मणिपुर के हालात पर बोले परन्तु चूंकि विपक्ष प्रधानमंत्री का मणिपुर पर 'मौन' तुड़वाना चाहती थी इसलिये वह अपने मकसद में कामयाब तो जरूर रही परन्तु साथ ही प्रधानमंत्री के भाषण से उसे घोर निराशा भी हाथ लगी। अविश्वास प्रस्ताव पर बोलते हुये पहले विपक्ष की ओर से राहुल गांधी ने 37 मिनट लंबा भाषण दिया। जिसमें उन्होंने लगभग आधा समय मणिपुर दौरे के अपने अनुभव का जिक्र किया। जबकि भाषण की शुरूआत में उन्होंने अपनी भारत जोड़ो यात्रा और उसमें हुये अनुभवों का ज़िक्र किया। परन्तु प्रधानमंत्री जब सदन में अपनी पार्टी के मंत्रियों व सांसदों द्वारा अप्रत्याशित रूप से लगाये जाने वाले 'मोदी-मोदी ' के नारों के बीच पधारे तो ऐसा प्रतीत हुआ कि आज प्रधानमंत्री मणिपुर पर विस्तार से अपनी सरकार का पक्ष तथा वहां किये जाने वाले शांति बहाली के उपायों का विस्तृत रोड मैप पेश करेंगे। परन्तु प्रधानमंत्री ने जब शाम 5 बजकर 8 मिनट पर बोलना शुरू किया तो लगभग एक घंटे तक उनका पूरा भाषण विपक्ष का मजाक उड़ाने,कांग्रेस पार्टी व नेहरू गाँधी परिवार का अपमान करने, अविश्वास प्रस्ताव का अट्हास करने,अपनी पीठ थपथपाने, गड़े मुर्दे उखाड़ने तथा राहुल गाँधी की खिल्ली उड़ाने आदि में बीता। स्वभाविक रूप से जो विपक्ष प्रधानमंत्री से मणिपुर के बारे में उनकी सरकार के पक्ष को उनके मुंह से सुनना चाह रहा था,एक घंटे उनका 'प्रवचन' सुनने के बाद 'मणिपुर-मणिपुर' के नारे लगाने लगा। यह नारेबाजी काफी देर तक चलती रही फिर भी प्रधानमंत्री ने मणिपुर का कोई जिक्र नहीं किया। प्रधानमंत्री के 1 घंटा 31 मिनट के भाषण के बाद आखिरकार 'इंडिया' गठबंधन' का धैर्य जवाब दे गया और वे वॉक आउट कर गये। इंडिया गठबंधन ने शाम 6.40 के करीब वॉकआउट किया।

## उड़न चुंबन

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मेरे** सपने में चुंबन देव प्रकट हुए। मैंने उनसे देशकाल के बारे में बातचीत करते हुए कहने लगा - 'हे चुंबन देव! आपसे प्रार्थना है कि आप चुंबन का महत्व बताते हुए उड़न चुंबन पर विशेष प्रकाश डालें। चुंबन देव बोले झ्र उड़न चुंबन! न बाबा न। जान है तो जहान है का मंत्र जाप करते हुए कर में माला लिए मन को दस दिशाओं में घुमा रहा हूँ। लोगों को यह समझाने का प्रयास कर रहा हूँ कि तुम जो चाहे और जैसे चाहे चुम्मा दे देना और ले लेना लेकिन उड़न चुंबन के बारे में कतई मत सोचना। बाकी चुंबन में असली वाली फीलिंग होती है, जबकि उड़न चुंबन में न अहसास होता है और न कोई सुख। हाँ उल्टे लतियाने और विवादों में फंसने की संभावना बढ़ जाती है। चुंबन देव ने विनम्रतापूर्वक मना किया। आगे कहना जारी रखा - "ये मुझसे नहीं हो पायेगा। लिप टु लिप किस का वर्णन किया जा सकता है, फ्रेंच किस की अनुभूति कराई जा सकती है पर उड़न वाले चुंबन पर प्रकाश डालना तो दूर टॉर्च लाइट छूने भर की हिम्मत भी नहीं की जा सकती।" "पर मैंने तो सुना है कि चुंबनदेव हर तरह के चुम्मे का वर्णन कर सकते हैं-- भगवन अंग्रेजी फिल्मों में तो चुम्मे के सीन ऐसे दिखाए जाते हैं जैसे उसके बिना फिल्म बन ही नहीं सकती। ऐसे में आपको उड़न चुंबन के बारे में बताने में आपको क्या आपत्ति है?" "देखो बेटा! जब फिल्म वालों के पास कोई कहानी नहीं होती तब चुम्मों का इस्तेमाल मसाले के तौर पर करते हैं। यही मसाले आगे चलकर पूरी मूवी रूपी सब्जी पर भारी पड़ते हैं। लोगों का क्या है वे पूरी फिल्म देखने के लिए थोड़ी न आते हैं। वे आते हैं इसी तरह के दो-चार चुम्मे वाले दृश्य देखने के लिए।" झ्र चुंबन देव ने मुझे टालने के अंदाज में कहा।

"वाह! क्या बात कही आपने"- मैं हाथ जोड़ते हुए चुंबनदेव की प्रशंसा करने लगा। आगे कहा - "पूरे देश में उड़न चुम्मे का समाचार प्रमुखता से छापा और दिखाया जा रहा है, क्या चक्कर है ये" "देखो बच्चा इस उड़न चुम्मे ने बड़े-बड़े मुद्दों को ठंडे बस्ते में डाल दिया है।

फलानी जगह पर औरतें नंगी घुमाई जाएँ कोई बात नहीं, जिंदा जलाई जाएँ कोई बात नहीं, सामूहिक बलात्कार किए जाएँ कोई आपत्ति नहीं, किंतु उड़न चुम्मे पर घोर आपत्ति जतानी चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### खेत से किसान का दो-पहिया वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जाजा टोंकी में खेत से किसान का दो-पहिया वाहन चोरी हो गया। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव जाजल टोंकी निवासी बॉबी ने बताय कि वह गकत 7 अगस्त को वह देर शाम अपनी मोटरसाइकिल लेकर खेत में गया था। उसने खेत में बने कोठरे के पास खड़ी करके काम करने लगा। काम खत्म होने के बाद कोठरे के पास पहुंचा। जहां खड़ी मोटरसाइकिल गायब मिली। आसपास के क्षेत्र में मोटरसाइकिल की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी सुमित ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### सड़क हादसे के मामले में रंजिश रखते हुए मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना में सड़क हादसे का चल रहे मामले में रंजिश रखते हुए मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। ज्ञान नगर निवासी मोनू ने बताया कि वह अपने पिता के साथ साफियाबाद में प्लास्टिक दाना बनाने का काम करता है। गत 9 अगस्त को अपने घर से पीर बाबा के थान पर माथा टेकने ज्ञान नगर में चला गया। वहां से पीपल के पेड़ के नीचे बैठ गया। उसी दौरान विपिन व उसके परिवार के साथ पहले ही सड़क हादसे का मुकदमा कोर्ट में चल रहा है। जिसकी रंजिश के चलते उसने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद रोहित, रमन भी आ गया।


**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)


# विधायक ने गुरु तेग बहादुर मेमोरियल में टेका मत्था

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
**विधायक सुरेंद्र** पंवार ने गुरु तेग बहादुर बढ़खालसा मेमोरियल राई में दरबार के नवनिर्मित हाल के उद्धघाटन अवसर पर मेमोरियल में पहुंचकर मथा टेका। उन्होंने शहरवासियों के सुख-सम्रद्धि की कामना की। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि विश्व इतिहास में धर्म एवं मानवीय मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धान्त की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वालों में गुरु तेग बहादुर साहब का स्थान अद्वितीय है। श्री गुरु तेग बहादुर जी विश्व मे प्रभावशील गुरू है। गुरुजी का बलिदान न केवल धर्म पालन के लिए नहीं अपितु समस्त मानवीय सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए बलिदान दिया था। धर्म उनके लिए सांस्कृतिक मूल्यों और जीवन विधान का नाम था। इसलिए धर्म के सत्य शाश्वत मूल्यों के लिए उनका बलि चढ़ जाना वस्तुतः सांस्कृतिक विरासत और इच्छित जीवन विधान के पक्ष में एक परम साहसिक अभियान था। गुरुजी ने धर्म के सत्य ज्ञान के प्रचार-प्रसार एवं लोक कल्याणकारी कार्य के लिए कई स्थानों का भ्रमण किया। गुरुजी धर्म के सत्य





मार्ग पर चलने का उपदेश देते हुए दमदमा साहब से होते हुए कुरुक्षेत्र पहुँचे। कुरुक्षेत्र से यमुना किनारे होते हुए कड़ामानकपुर पहुँचे और यहाँ साधु भाई मलूकदास का उद्धार किया। यहाँ से गुरुजी प्रयाग, बनारस, पटना, असम आदि क्षेत्रों में गए, जहाँ उन्होंने लोगों के आध्यात्मिक, सामाजिक, आर्थिक, उन्नयन के लिए कई रचनात्मक कार्य किए। आध्यात्मिक स्तर पर धर्म का सच्चा ज्ञान बाँटा। उन्होंने चली आ रही रूढ़ियों, अंधविश्वासों की कटु आलोचना कर नए सहज जनकल्याणकारी आदर्श स्थापित किए। उन्होंने प्राणी सेवा एवं परोपकार के लिए कुएँ खुदवाना, धर्मशालाएँ बनवाना आदि लोक परोपकारी कार्य भी किए।

फोटो कैप्शन विधायक सुरेंद्र पंवार मथा टेककर शहरवासियों की सुख-सम्रद्धि की कामना करते हुए।

## नर्सरी संचालक का बैग चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के बहालगढ़ रोड स्थित नर्सरी से संचालक का नकदी व सामान से भरा बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। संचालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सिद्धार्थ कॉलोनी निवासी विक्रम सिंह ने बताया कि गत 10 अगस्त को रात 2.45 बजे किसी ने उसका बैग चोरी कर लिया। बैग में पांच हजार रुपये की नकदी, दो मोबाइल एक घड़ी, ब्लुटुथ व संजय का मोबाइल व घड़ी रखी हुई थी। अपने स्तर पर बैग की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई दलजीत सिंह ने बताया कि गंभीरता से जांच कर रही जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## 'राष्ट्र के निर्माण व विकास में युवाओं की अहम भूमिका'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत ।**
ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया । छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाल कर पृथ्वी को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया । इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने पौधे लगाकर परिसर में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया । चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस की थीम "युवाओं के लिए हरित कौशलः एक सतत विश्व की ओर" है । इसका उद्देश्य युवाओं को कौशल के साथ सशक्त बनाना तथा युवाओं के मुद्दों की तरफ



दुनिया का ध्यान आकर्षित करवाना है । चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण और विकास में युवाओं की अहम भूमिका है। युवा ही देश का भविष्य निर्धारित करता है। जिस देश की युवा पीढ़ी जितनी शिक्षित होगी वह देश उतनी ही तेजी से विकास करेगा। हर साल 12 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाए जाने का उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक व सियासी मुद्दों के प्रति युवाओं को जागरूक करना व इनकी हिस्सेदारी बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि धरती पर प्रदूषण मानव जिंदगी के लिए खतरा बन चुका है। पर्यावरण प्रदूषित होने का मुख्य कारण धरती पर पेड़ों और जंगलों की तेजी से कटाई होना है। ऐसे में युवाओं की विशेष जिम्मेदारी बनती है कि धरती पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगा कर हरा भरा करें और प्रदूषण मुक्त बनाएं। सीईओ संजय जैन ने कहा कि प्रदूषण के कारण ओजोन की परत निरंतर कमजोर होती जा रही है। ओजोन की परत सूर्य की घातक किरणों को धरती पर आने से रोकती है।
अगर इस परत में छेद हो गया तो इंसानी जिंदगियों को कैंसर जैसी घातक बीमारियां होने का खतरा बन जाएगा। इसलिए धरती को हरा भरा करना होगा ताकि प्रदूषण रहित जीवन बने। इस दिशा में स्कूली बच्चों का भी जागरूक होना बहुत जरुरी है ।

## पुलिस क्वार्टरों में डिस्पेंसरी का किया शुभारंभ, पुलिस आयुक्त ने रिबन काटकर किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आज पुलिस लाइन परिसर में पुलिस क्वार्टरों में उजाला सिग्नस जेके हिन्दू अस्पताल की ओर से एक चैरिटेबल डिस्पेंसरी का शुभारंभ किया गया। डिस्पेंसरी का शुभारंभ सोनीपत पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन ने रिबन काटकर किया। पुलिस क्वार्टरों में रहने वाले पुलिस के जवान व उनके परिवारों को इस डिस्पेंसरी का लाभ मिलेगा। इस मौके पर पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन के साथ-साथ अन्य पुलिस अधिकारियों ने पौधारोपण भी किया। चैरिटेबल पुलिस डिस्पेंसरी के उद्घाटन अवसर पर पहुंचे डाक्टरों व पुलिस अधिकारियों को पौधा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन ने सिग्नस अस्पताल द्वारा पुलिस क्वार्टरों में खोली गई डिस्पेंसरी के लिए धन्यवाद किया। पुलिस उपायुक्त डा. अंशु सिंगला ने कहा कि पुलिस कर्मी के जीवन में तनाव ज्यादा होता है और अपना ख्याल रखने का समय कम होता है। डीसीपी हैडक्वार्टर वीरेन्द्र सांगवान ने कहा कि पुलिस के जवान डयूटी जाने से पहले अपना चैकअप करा सकते है। उन्होंने कहा कि इस डिस्पेंशरी के खुलने से काफी फायदा होगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए कैंप का आयोजन भी किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पिछले कई साल से पुलिस कर्मियों द्वारा डिस्पेंसरी की मांग की जा रही थी, जिसका आज शुभारंभ किया गया है।
उन्होंने कहा कि यह डिस्पेंसरी पुलिस के जवानों के लिए बहुत कारगर साबित होगी। यह एक सराहनीय कदम उठाया गया है। इस मौके पर सिग्नस हस्पताल के जीएम सुरेश कालरा, डा. प्रतीक आहुजा, डा. मनीष, डा. अमन, वर्मा लैब के संचालक प्रवीण वर्मा, कविता, रजनी, कमल, राकेश, राहुल, नीरज, कमल आदि मौजूद रहे।

## दामाद ने महिला पर किया हमला

**सोनीपतः** सिविल लाइन थाना क्षेत्र बेटी से पिटाई करने से रोकना महिला को मंहगा पड़ गया। महिला को उसके दामाद ने मारपीट करना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने के बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के बाद छुट्टी दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव नया बांस सांपला हाल में ऋषि कॉलोनी निवासी सावित्री देवी ने बताया कि गत 6 अगस्त को 11.30 बजे उसका दामाद विकास उसकी बैटी को पीट रहा था।

## बैंक ने महिला पर लगाया उनके 25 लाख रुपये हड़पने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एटलस रोड पर स्थित एचडीएफसी बैंक के 25 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। रुपये हड़पने का आरोप शहर की एक महिला पर लगा है। बैंक की तरफ से तकनीकी गड़बड़ी के चलते महिला के खाते में 31 लाख रुपये जमा हो गए थे। वापस मांगने पर महिला ने छह लाख रुपये ही वापस किए। बाकी रुपये उसने खाते से निकाल लिए। अब रुपये वापस मांगने पर वह बैंक के अधिकारियों को धमकी दे रही है। एचडीएफसी बैंक के सीनियर मैनेजर ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।
एटलस रोड पर स्थित एचडीएफसी बैंक के सीनियर मैनेजर पवन कुमार ने पुलिस को बताया कि अशोक नगर निवासी श्वेता पाठक का उनके बैंक में खाता है। 28 मई, 2022 को उनके खाते में मात्र नौ हजार रुपये थे। वहीं 29 मई, 2022 की रात को तकनीकी गड़बड़ी के चलते कुछ ग्राहकों के खातों में करोड़ों रुपये अतिरिक्त जमा दिखने शुरू हो गए। गलत इंट्री होने से खातों में काफी रुपये चले गए। इस तरह से दर्जनों ग्राहकों के खातों में करोड़ों रुपये की राशि जमा हो गई। इनमें श्वेता पाठक भी शामिल थी। उनके खाते में 31 लाख रुपये जमा हो गए। तकनीकी गड़बड़ी के कारण उपभोक्ताओं के खातों में गलती से जमा हुई राशि की निकासी पर रोक नहीं लगाई जा सकी। जानकारी में आने पर जांच करने पर ऐसे ग्राहकों का पता किया गया जिनके खाते में रुपये गए थे। 29 मई 2022 की सुबह तकनीकी खराबी को दूर किया गया। जिसके बाद जिनके खाते में रुपये गए थे उनका पता लगाया गया। बैंक ने उपभोक्ताओं के खातों में पहले की राशि और गलती से जमा हुई राशि की छंटनी करके इसको अलग-अलग कर लिया। अन्य ने खाते में गई राशि को जमा करा दिया। हालांकि श्वेता के खाते में बढ़ी हुई राशि के बारे में पता चलने पर बैंक की ओर से उन्हें नोटिस देकर राशि की रिकवरी के प्रयास किए गए। बैंक अधिकारी का कहना है कि उपभोक्ता ने स्वीकार किया कि उनके बैंक खाते में गलत तरीके रुपये जमा हुए। उसने कहा कि उस राशि में से 25 लाख रुपये की राशि वह निकालकर खर्च कर चुकी है। उसने छह लाख रुपये वापस कर दिए। उसने बाकी राशि ब्याज सहित बैंक को लौटाने का आश्वासन दिया था। महिला ने बाद में रुपये जमा नहीं कराए। रुपये वापस मांगने पर पहले उन्हें लगातार टालना शुरू कर दिया। बैंक अधिकारियों ने उनसे कई बार संपर्क किया और अतिरिक्त धनराशि का भुगतान करने का अनुरोध किया, लेकिन कोई भुगतान नहीं किया गया। अब उसने बैंक अधिकारियों को ही धमकी देना शुरू कर दिया है।

## सैनिकों के परिजन अपने आप को अकेला ना समझें : रामबिलास

**टीम एक्शन इंडिया संजय शर्मा , दिनेश नौताना**
**नारनौल। हरियाणा** भाजपा के दिग्गज नेता व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा के नेतृत्व में रविवार को महेन्द्रगढ़ में शहीदों की याद में शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ मॉडल संस्कृति स्कूल सैनीपुरा से होते हुए शहीद राव तुलाराम की मूर्ति पर माल्यार्पण कर समाप्त किया। यात्रा के शुभारंभ पर भिवानी- महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौ. धर्मबीर सिंह मौजमद रहे वही यात्रा के समापन पर पूर्व सांसद वरिष्ठ भाजपा नेत्री डॉ सुधा यादव मौजूद रही। शहीदों



के सम्मान में तिरंगा यात्रा मॉडल संस्कृति स्कूल सैनीपुरा से शुरू होकर आजाद चौक, परशुराम चौक, ब्रह्मदेव चौक, बालाजी चौक,बस स्टैंड होते हुए राव तुलाराम चौक पहुंची। यात्रा का काफिला 2 किलोमीटर से भी लंबा रहा। तिरंगा यात्रा का शहर में यादव सभा के प्रधान अभय सिंह यादव सहीत,सैनी सभा, ब्राह्मण सभा सहित अनेक सभाओं के प्रधानों व अन्य संगठनों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया वहीं व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों के सामने जगह-जगह फूल मालाएं वह पटाखे छुड़ाकर शहीदों की याद में निकाली गई तिरंगा यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि शहीदों की याद में निकाली गई तिरंगा यात्रा का जिस तरह से आम जनमानस ने शहर में स्वागत किया है यह सब शहीदों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने शहीदों के परिवार के लिए अनेक योजनाएं चलाई है इन सब योजनाओं का मुख्य मकसद यही है कि देश की सरहदों पर रखवाली करने वाले सैनिक तथा देश के लिए अपने आप को बलिदान करने वाले सैनिकों के परिजन अपने आप को अकेला ना समझें पूरा देश उनके साथ है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा में जिस तरह लोगों की भीड़ ने प्यार प्रेम दिया इसके लिए वे दिल से लोगों के आभारी है।

## छात्रा ने गुरु-शिष्या के रिश्ते को किया अपमानित

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राई थाना** क्षेत्र के गांव जाखौली में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्रा द्वारा प्रिंसिपल के सिर में ईट मारकर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जहां उपचार के बाद प्रिंसिपल को छुट्टी मिल गई। प्रिंसिपल को सिर में आठ टांके आए है। छात्रा ने वारदात को अपनी मां के सामने अंजाम दिया है। मामले को लेकर शिक्षा विभाग की तरफ कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। वहीं पुलिस को शिकायत विभाग की तरफ से भेजी गई है। गांव जाखोली में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 11वीं में पढ़ने वाली एक छात्रा को स्कूल की पढ़ाई के लिए टोंकना और माता को शिकायत करना प्रिंसीपल मंजीत कुमारी के लिए महंगा पड़ गया। गुरु और शिष्या के रिश्तों को 11वीं की छात्रा ने टीचर के सिर में ईंट मारकर अपमानित किया है। छात्रा के पढ़ाई को लेकर विद्यालय में उसकी मां को बुलाया गया था और जब उसकी मां को पढ़ाई को लेकर छात्रा की शिकायत की गई। उसी दौरान अपनी मां की मौजूदगी में ही प्रिंसिपल के सिर में ईंट मारकर घायल कर दिया। प्रिंसिपल उस दौरान अपना काम कर रही थी घायल को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जहां चिकित्सक की तरफ से उपचार के दौरान आठ टांके लगाए गए। इस संबंध में पुलिस को कोई शिकायत विभाग की तरफ से भेजी गई है।

## हर्षोल्लास से मनाया आचार्य श्री सुभद्र मुनि का 73वां जन्म महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
श्री एस एस जैन सभा गुड़ मंडी सोनीपत के तत्वाधान में चातुर्मास हेतु विराजित ओजस्वी वक्ता श्री रमेश मुनि जी महाराज प्रवचन भास्कर श्री मुकेश महाराज तपस्वी श्री मुदित मुनि जी महाराज आदि ठाणे 3`रविवार को श्री शांतिनाथ जैन दिगंबर मंदिर के प्रांगण में ओजस्वी वक्ता श्री रमेश मुनि जी महाराज आदि ठाणे 3 के मंगल सानिध्य में श्री आचार्य भगवान श्री सुभद्र मुनि जी महाराज का 73वीं जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा भक्ति से मनाया गया जिसमें प्रवचन भास्कर श्री मुकेश मुनि जी द्वारा श्री भक्तांमर जी का सामूहिक रूप से पाठ करवाया गया जिसमें सभी भाई बहनों ने बढ़-चढ़कर लाभ



लिया` ओजस्वी वक्ता श्री रमेश मुनि जी महाराज ने कहा कि भक्तांमर जी का पाठ धर्म साधना का संबंध भक्त और भक्ति के साथ भगवान का संबंध बनता है जिसमें भक्त द्वारा की गई भक्ति भगवान से साक्षात्कार करवा देती है` उन्होंने कहा कि भक्ति का वह मार्ग है जिसमें व्यक्ति संसार से दूर होकर भगवान के तरफ अपने कदम बढ़ाता है आज जो भक्ति का मार्ग बना है वह दूषित हो चुका है जिसमें व्यक्ति केवल बाह्य रूप से तो भक्ति करता दिखाई देता है परंतु अंदर हृदय में कोई भक्ति नहीं है वहां पर केवल स्वार्थ बना है` स्वार्थ के वशीभूत होकर व्यक्ति भक्ति कर रहा है ` इस अवसर पर श्री सन्मति जैन महिला मंडल, जैन युवती मंडल, श्री चंदनबाला मंडल, आदि मंडलों द्वारा सामूहिक गीत गया गया` इस कार्यक्रम में भक्तांमर पाठ लाभार्थी परिवार गुरुभक्त विभोर जैन सुपौत्र मंत्री नरेश जैन जितेंद्र जैन साहिल जैन सुपुत्र नरेश जैन मंत्री ने लाभ लिया `श्री एस एस जैन सभा के प्रधान सुरेश जैन महामंत्री त्रिलोक चंद जैन जयकुमार जैन सतीश जैन श्रवण जैन महावीर प्रसाद जैन रामरिछपाल जैन मीडिया रिपोर्टर वकील चंद जैन आदि गणमान्य व्यक्ति सभा में उपस्थित थे।

## लगातार तीसरे हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट, घटकर 601.45 अरब डॉलर पर

**मुंबई/नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोंचे पर झटका लगने वाली खबर है। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार तीसरे हफ्ते गिरावट आई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार अगस्त को समाप्त हफ्ते में 2.42 अरब डॉलर घटकर 601.45 अरब डॉलर रह गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने यह जानकारी दी है। आरबीआई ने



जारी आंकड़ों में बताया कि चार अगस्त को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.42 अरब डॉलर घटकर 601.45 अरब डॉलर रह गया है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 3.16 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 603.87 अरब डॉलर रह गया था। वहीं, विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 1.93 अरब डॉलर घटकर 533.40 अरब डॉलर रह गई। रिजर्व बैंक के मुताबिक इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 22.4 करोड़ डॉलर घटकर 44.68 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के अनुसार विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 17.1 करोड़ डॉलर घटकर 18.27 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखा देश का मुद्रा भंडार 8.6 करोड़ डॉलर घटकर 5.09 अरब डॉलर रह गया है।

## डेलॉयट ने अडाणी की कंपनी के ऑडिट कामकाज को छोड़ा

**मुंबई/नई दिल्ली।** डेलॉयट ने अडाणी समूह की बंदरगाह कंपनी अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) के अंकेक्षण का कामकाज छोड़ दिया है। 'हिंडनबर्ग रिसर्च' की रिपोर्ट में चिह्नित कुछ लेनदेन पर 'डेलॉयट'के चिंता जताने के कुछ सप्ताह बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने डेलॉयट के कामकाज छोड़ने और 'एम.एस.के.ए. एंड एसोसिएट्स' की नए ऑडिटर के तौर पर नियुक्ति की पुष्टि की है। डेलॉयट 2017 से एपीएसईजेड की ऑडिटर थी। जुलाई 2022 में इसे पांच और साल का कार्यकाल दिया गया था।एपीएसईजेड ने एक बयान में कहा, 'एपीएसईजेड प्रबंधन और इसकी ऑडिट समिति के साथ डेलॉयट की हालिया बैठक में, डेलॉयट ने अन्य सूचीबद्ध अडाणी पोर्टफोलियो कंपनियों के ऑडिटर के रूप में व्यापक ऑडिट भूमिका कटौती का संकेत दिया। ऑडिट समिति का विचार है कि ऑडिट कामकाज छोड़ने के लिए डेलॉयट ने जो कारण बताए हैं, वे ठोस या पर्याप्त नहीं हैं।' हिंडनबर्ग ने इस साल 24 जनवरी को अपनी रिपोर्ट में अडाणी समूह पर धोखाधड़ी, शेयरों में गड़बड़ी और काले धन को के आरोप लगाये थे। साथ ही संबद्ध पक्षों के बीच लेन-देन की बात कही थी। अडाणी समूह ने सभी आरोपों को आधारहीन बताया था। डेलॉयट का कहना था कि अडाणी समूह ने इन आरोपों की जांच स्वतंत्र बाहरी एजेंसी से कराना जरूरी नहीं समझा। इसका कारण उनका अपना आकलन तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की जारी जांच है। कंपनी ने अडाणी पोर्ट्स के वित्तीय ब्योरे में कहा था, ''समूह की तरफ से किया गया मूल्यांकन हमारे ऑडिट के उद्देश्यों के लिए पर्याप्त उचित साक्ष्य उपलब्ध नहीं करता है।

## Rokhia gas आधारित थर्मल संयंत्र को संयुक्त चक्र बिजली उत्पादन संयंत्र में परिवर्तित करेगा त्रिपुरा

**अगरतला।** त्रिपुरा सरकार ने बिजली उत्पादन को दोगुना करने के लिए गैस आधारित थर्मल बिजली संयंत्र को संयुक्त चक्र संयंत्र में बदलने के लिए एक व्यापक प्रक्रिया शुरू की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सिपाहीजला जिले में त्रिपुरा राज्य विद्युत निगम (टीएसईसीएल) द्वारा संचालित रोखिया के गैस आधारित थर्मल संयंत्र में अभी हर दिन 63 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। टीएसईसीएल के प्रबंध निदेशक देबाशीष सरकार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' हम रोखिया बिजली संयंत्र को खुले चक्र से संयुक्त चक्र बिजली उत्पादन संयंत्र में परिवर्तित करके समान मात्रा में प्राकृतिक गैस का उपयोग कर करीब 120 मेगावाट बिजली का उत्पादन करना चाहते हैं।'' उन्होंने दावा किया कि इससे रोखिया बिजली संयंत्र में बिजली उत्पादन दोगुना हो जाएगा। परियोजना की उत्पादकता बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है। सरकार ने कहा, '' वर्तमान में प्राकृतिक गैस जलाकर बिजली का उत्पादन किया जा रहा है जो अब व्यवहार्य व्यवसाय नहीं रह गया है।

## जुलाई में खुदरा महंगाई दर छह फीसदी से ज्यादा रहने की आशंका, सोमवार को जारी होगा डेटा

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर जुलाई महीने में छह फीसदी से ज्यादा रहने की आशंका है। आर्थिक मामलों के जानकारों का मानना है कि सब्जियों और खाद्य पदार्थों की की कीमतों में उछाल से खुदरा महंगाई दर प्रभावित हो सकती है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय 14 अगस्त, सोमवार शाम 5ः30 बजे जुलाई के लिए खुदरा महंगाई दर का



आंकड़ा जारी करेगा। जानकारों ने सीपीआई पर आधारित खुदरा महंगाई दर जुलाई में छह फीसदी से अधिक रहने की आशंका जताई है। जून महीने खुदरा महंगाई दर 4.81 फीसदी रही थी।

उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने इसी हफ्ते वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर 6.2 फीसदी रहने की उम्मीद जताई है, जबकि पूरे वित्त वर्ष के लिए 5.4 फीसदी पर रहने का अनुमान जताया है।

## सितंबर में बेलआउट कार्यक्रम की समीक्षा करेगा आईएमएफ, वित्त मंत्री बोले- पूरी हुई निर्धारित नौ शर्तें

**हरिद्वार।** श्रीलंका के वित्त मंत्री रंजीत सियाम्बलपिटिया ने शनिवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) 11 से 19 सितंबर के बीच द्वीप राष्ट्र को दिए जाने वाले 2.9 अरब डॉलर के राहत पैकेज की पहली समीक्षा करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश ने वैश्विक ऋणदाता की निर्धारित नौ शर्तों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। द्वीप राष्ट्र अपनी आजादी के बाद से सबसे खराब आर्थिक संकट से प्रभावित हुआ था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार निचले स्तर तक पहुंच गया था। इसके चलते जनता ईंधन, उर्वरकों के साथ-साथ आवश्यक वस्तुओं की कमी के विरोध में सड़कों पर उतर आई थी। देश को सितंबर तक अपने बाहरी और घरेलू ऋण पुनर्गठन को अंतिम रूप देना है, जब अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) इस साल मार्च में दिए गए 2.9 अरब डॉलर के बेलआउट की अपनी पहली समीक्षा करेगा। सियाम्बलपिटिया ने कहा कि आठ दिवसीय समीक्षा 11 से 19 सितंबर तक होनी है। केंद्रीय बैंक, वित्त मंत्रालय और वित्त मंत्री समीक्षा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा, 'हमें नौ पूर्व शर्तों को पूरा करना था जो हमने सफलतापूर्वक पूरा किया।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने होम और कार लोन की दरें 0.20 फीसदी तक घटाईं

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने होम और कार लोन की ब्याज दरों में 0.20 फीसदी तक की कटौती कर ग्राहकों को बड़ी राहत दी है। इसके अलावा बैंक ने प्रसंस्करण शुल्क को शून्य करने का ऐलान किया है। नई दरें 14 अगस्त से प्रभावी होंगी। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने बताया कि होम और कार लोन की ब्याज दर में 0.20 फीसदी तक की कटौती की गई है। इस कटौती के बाद होम लोन अब 8.50 फीसदी पर उपलब्ध होगा। इसी तरह कार लोन 0.20 फीसदी सस्ता होने के बाद अब 8.70 फीसदी हो जाएगा। बैंक ने बताया कि कम ब्याज दरों और प्रसंस्करण शुल्क में छूट के दोहरे लाभ से ग्राहकों को वित्तीय बोझ

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

कम करने में मदद मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने इसी हफ्ते अपनी मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक के बाद लगातार तीसरी बार नीतिगत ब्याज दरों को यथावत रखा है। हालांकि, कुछ बैंकों ने आरबीआई के इस फैसले के बाद कोष की सीमांत लागत आधारित (एमसीएलआर) लोन दर में 0.10 फीसदी तक की वृद्धि की है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में तेजी का रुख है। ब्रेंट क्रूड का भाव 87 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम दिन ब्रेंट क्रूड 0.41 डॉलर यानी 0.47 फीसदी की बढ़त के साथ 86.81 डॉलर प्रति



बैरल पर है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.37 डॉलर यानी 0.45 फीसदी की उछाल के साथ 83.19 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है।

## ओएनजीसी का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ तेल की कम कीमतों, कम उत्पादन के कारण 34 प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 34 प्रतिशत गिर गया। तेल की कीमतों में गिरावट और कम उत्पादन के कारण शुद्ध लाभ में कमी हुई। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि जून तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 10,015 करोड़ रुपये रह गया, जबकि बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 15,206 करोड़ रुपये था। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की भारत की सबसे बड़ी उत्पादक ओएनजीसी ने पिछले साल कच्चे तेल पर प्रति बैरल 76.49 डॉलर कमाए, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह आंकड़ा 108.55 डॉलर प्रति बैरल था। तेल की कीमतें जून, 2022 तिमाही में दुनियाभर में तेजी से बढ़ी थीं, जब रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद आपूर्ति एवं मांग में अनिश्चितता आ गई थी।समीक्षाधीन अवधि में कंपनी का सकल राजस्व 20 प्रतिशत घटकर 33,814 करोड़ रुपये हो गया। ओएनजीसी ने कहा कि इस दौरान कच्चे तेल का उत्पादन 3.2 प्रतिशत घटकर 46 लाख टन रह गया, वहीं गैस उत्पादन 3.3 प्रतिशत गिरकर 5.04 अरब घन मीटर रहा।

## परियोजनाओं के पर्यावरण प्रभाव के सही आकलन के लिये उचित हरित रेटिंग की जरूरतः दास

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने परियोजनाओं के सही मायने में पर्यावरणीय प्रभाव को प्रतिबिंबित करने वाली उचित 'हरित रेटिंग' की जरूरत बतायी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि विकासशील देशों को हरित परियोजनाओं के लिये पर्याप्त कोष मिले। वित्त मंत्रालय और आरबीआई की तरफ से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर आयोजित जी-20 सेमिनार को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि वैश्विक वृद्धि के लिये प्रमुख जोखिम जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ मुद्रास्फीति, वित्तीय स्थिरता और भू-राजनीतिक दबाव है। उन्होंने कहा, ''हमारा ध्यान हरित (ऊर्जा) बदलाव के लिये पर्याप्त और सस्ता वित्तपोषण की उपलब्धता के जरिये जलवायु परिवर्तन जैसी दीर्घकालिक संरचनात्मक चुनौतियों पर होना चाहिए। हालांकि, हमें हरित बदलावों के लिये वित्तीय स्थिरता पर पड़ने वाले असर को लेकर सचेत रहने की भी जरूरत है।'' आरबीआई गवर्नर ने कहा, ''हरित पूंजी प्रवाह आज ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक, संचालन व्यवस्था) रेटिंग पर निर्भर है। हाल के शोध से पता चलता है कि ये ईएसजी रेटिंग इन निवेश की वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रभावों को पर्याप्त रूप से प्रतिबिंबित नहीं करती हैं।'' उन्होंने कहा, ''इसीलिए यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि हरित रेटिंग परियोजनाओं के वास्तविक पर्यावरणीय प्रभाव को प्रतिबिंबित करे ताकि 'गलत हरित दावों' से बचा जा सके।'' दास ने आर्थिक गतिविधियों और वृद्धि संभावनाओं को नुकसान पहुंचाये बिना व्यवस्थित रूप से हरित बदलाव की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि यह और भी अधिक आवश्यक है क्योंकि हरित परियोजनाओं के लिए वास्तविक वित्तीय प्रवाह अत्यधिक विषम है और काफी हद तक विकसित अर्थव्यवस्थाओं में केंद्रित है।

## Pandemic के दौरान जरूरत से ज्यादा तुअर दाल खरीदने से गोवा सरकार को 1.91 करोड़ रुपये का नुकसान

**पणजी।** गोवा सरकार ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान लोगों को वितरित करने के लिए तुअर दाल या अरहर की दाल की खरीद पर 1.91 करोड़ रुपये का ''निरर्थक व्यय'' किया। कैग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग)



की 2021 की एक रिपोर्ट राज्य विधानसभा में पेश की गई। रिपोर्ट के अनुसार, 400 मीट्रिक टन (एमटी) तुअर की दाल खरीदी गई, जो नागरिकों को इसके वितरण के लिए आवश्यक मात्रा से अधिक थी। 240 मीट्रिक टन से अधिक दाल वितरित नहीं की गई। बाद में वह बिल्कुल खराब हो गई और मवेशियों के खाने लायक भी नहीं रही। कैग के अनुसार, राज्य में जरूरत से ज्यादा तुअर दाल खरीदने के कारण राज्य नागरिक आपूर्ति विभाग को 1.91 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

## नेपाल भारत को टमाटर निर्यात करने को तैयार, बाजार तक आसान पहुंच की जताई इच्छा

**काठमांडू।** नेपाल दीर्घकालिक आधार पर भारत को बड़ी मात्रा में टमाटर निर्यात करने के लिए तैयार है, लेकिन उसने इसके लिए बाजार तक आसान पहुंच और अन्य जरूरी सुविधाओं की मांग की है। भारत में टमाटर की बढ़ती कीमतों को कम करने के लिए इस तरह के उपायों पर विचार किया जा रहा है। पड़ोसी देश का यह आश्वासन उस समय आया, जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बताया कि भारत ने नेपाल से टमाटर का आयात शुरू भारी बारिश के कारण आपूर्ति बाधित होने के कारण भारत में टमाटर की खुदरा कीमतें लगभग 242 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है और देश पहली बार टमाटर का आयात



कर रहा है। नेपाल के कृषि मंत्रालय की प्रवक्ता शबनम शिवकोटी ने यहां पीटीआई-को बताया कि उनका देश दीर्घकालिक आधार पर भारत को टमाटर जैसी सब्जियां निर्यात करने का इच्छुक है, लेकिन इसके लिए भारत को अपने बाजार तक आसान पहुंच और अन्य जरूरी सुविधाएं देनी होंगी।उन्होंने कहा कि नेपाल ने एक सप्ताह पहले ही आधिकारिक चैनलों के माध्यम से भारत को टमाटर का निर्यात शुरू कर दिया है, लेकिन अभी यह बड़ी मात्रा में नहीं है। उन्होंने कहा कि टमाटर के बड़े पैमाने पर निर्यात की व्यवस्था अभी की जानी बाकी है। कालीमाटी फल और सब्जी बाजार विकास बोर्ड के उप निदेशक विनय श्रेष्ठ ने कहा, अगर हमें भारतीय बाजार तक आसान पहुंच दी जाती है, तो नेपाल भारत को भारी मात्रा में टमाटर निर्यात कर सकता है। उन्होंने बताया कि नेपाली टमाटरों के लिए भारत एक अच्छा बाजार है।

## अब बठिंडा-लुधियाना से दिल्ली तक उड़ेंगे 19 सीटर विमान, सुखबीर बादल ने केंद्र के फैसले का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष और फिरोजपुर लोकसभा सांसद सुखबीर सिंह बादल ने उड़ान क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (आरसीएस) के तहत 19 सीटों वाले विमान के माध्यम से बठिंडा और लुधियाना को दिल्ली से जोड़ने के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत किया। शिअद अध्यक्ष ने इस मुद्दे को संसद में एक प्रश्न के माध्यम से उठाया था जिसका उत्तर केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री ने दिया था। मंत्री ने खुलासा किया कि बठिंडा और लुधियाना को हिंडन से जोड़ने वाला आरसीएस मार्ग मैसर्स बिग चार्टर्स प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया है और कंपनी 19 सीटर विमान संचालित करेगी। सुखबीर ने कहा कि बठिंडा-दिल्ली-बठिंडा मार्ग पर उड़ानें निर्धारित तीन साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद मार्च 2020 में बंद कर दी गई थीं और व्यापारियों और केंद्र सरकार के कर्मचारियों सहित लोगों की ओर से इस सेवा को फिर से



शुरू करने की मांग की गई थी। उन्होंने आदमपुर को हिंडन, नांदेड़, कोलकाता, गोवा और बेंगलुरु से जोड़ने वाले मार्गों को मंजूरी देने के मंत्रालय के फैसले का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह भी एक लंबे समय से चली आ रही मांग थी, क्योंकि आदमपुर को दिल्ली, मुंबई और जयपुर से जोड़ने वाले मार्गों को 2018 में शुरू किया गया था, लेकिन तीन साल बाद बंद कर दिया गया।सुखबीर ने अपने प्रश्न में आदमपुर, लुधियाना, पठानकोट और बठिंडा घरेलू हवाई अड्डों से बंद की गई सभी उड़ानों को फिर से शुरू करने की मांग की, साथ ही नागरिक उड्डयन मंत्रालय से इसके लिए समय सीमा बताने को कहा। उन्होंने बठिंडा-जम्मू उड़ान को फिर से शुरू करने के लिए भी दोबारा गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि यह उड़ान, जो सप्ताह में पांच दिन चलती थी, इसमें औसतन 70 प्रतिशत सीटें भरी थीं और यह वैष्णु देवी और अमरनाथ की तीर्थयात्रा करने वालों के लिए एक वरदान थी।


## धान का रकबा अबतक पांच प्रतिशत बढ़ा, ओड़िशा, आंध्र, असम में बुवाई का क्षेत्रफल अभी कम

**नई दिल्ली।** चालू खरीफ सत्र में अबतक धान की बुवाई का रकबा पांच प्रतिशत बढ़कर 328.22 लाख हेक्टेयर पर पहुंच गया है, लेकिन ओडिशा, आंध्र प्रदेश और असम में यह अब भी पीछे चल रहा है। यह जानकारी जारी कृषि मंत्रालय के आंकड़ों में दी गई है। प्रमुख खरीफ फसल धान एक साल पहले की इसी अवधि में 312.80 लाख हेक्टेयर में बोया गया था। हालांकि, 11 अगस्त तक खरीफ़ मौसम में दलहन, तिलहन, कपास और जूट/मेस्ता बुवाई के रकबे के मामले में पिछड़ रहा था। चालू खरीफ सत्र में अबतक ओडिशा में धान की बुवाई का रकबा घटकर 18.97 लाख हेक्टेयर रह गया है, जबकि पिछले साल के समान सत्र में यह रकबा 20.35 लाख हेक्टेयर था।

इसी तरह, आंध्र प्रदेश में धान की बुवाई 8.28 लाख हेक्टेयर की तुलना में 6.86 लाख हेक्टेयर में की गई है जबकि असम में भी खेती का रकबा पहले के 16.25 लाख हेक्टेयर की तुलना में घटकर 14.92 लाख हेक्टेयर रह गया है। खरीफ सत्र में अब तक मोटे अनाज का रकबा मामूली बढ़कर 171.36 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले साल के समान अवधि में 167.73 लाख हेक्टेयर था। चालू खरीफ सत्र में 11 अगस्त तक दालों का रकबा 113.07 लाख हेक्टेयर यानी कम रहा, जबकि एक साल पहले



यह रकबा 122.77 लाख हेक्टेयर था। तिलहन खेती का रकबा पहले के 184.61 लाख हेक्टेयर की तुलना में थोड़ा कम होकर 183.33 लाख हेक्टेयर रह गया। नकदी फसलों में गन्ने की बुवाई का रकबा इस खरीफ सत्र में 11 अगस्त तक थोड़ा बढ़कर 56.06 लाख हेक्टेयर हो गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 55.20 लाख हेक्टेयर था। हालांकि, कपास की बुवाई का रकबा 122.53 लाख हेक्टेयर की तुलना में थोड़ा कम होकर 121.28 लाख हेक्टेयर रह गया, जबकि जूट/मेस्टा की बुवाई भी पहले के 6.95 लाख हेक्टेयर की तुलना में घटकर 6.56 लाख हेक्टेयर रह गई है। हालांकि, चालू ख़रीफ सत्र में 11 अगस्त तक सभी ख़रीफ फसलों का कुल रकबा मामूली रूप से बढ़कर 979.88 लाख हेक्टेयर हो गया, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 972.58 लाख हेक्टेयर था।


HAPPY 77th INDEPENDENCE DAY
दिल्ली ग्रामीण टाइम्स ( दि.ग्रा.टा.)
न्यूज़ चैनल का उद्धघाटन
15 अगस्त 2023
दोपहर 12 :00 बजे
आप सादर आमंत्रित हैं
स्थान : गुरुद्वारा सिंह सभा ,बैंक ऑफ इंडिया के पीछे, नई बस्ती ,नरेला
मुख्य अतिथि : डॉ.सूरज दत्त सेठी
( ब्यूरो चीफ समाचार निर्देश )
-: कवि गोष्ठी :-
डॉ.जे के सब्बरवाल
जय सिंह मान एडवोकेट
संजय घायल
जितेंद्र प्रीतम
रमेश समर्पित
आशीष मिश्रा
संजीव भारद्वाज
सुश्री सीमा डोभाल
नरेश तंवर
संचालन : कलमकार राजव्रत
सुश्री सर्वेश
( स्वतंत्र छाया पत्रकार )
श्री वाई. एस. गिल
( विज्ञान पत्रकार )
आयोजक :-
नरेश गुप्ता सुरेंद्र पंचाल
कलमकार राजव्रत सुलेमान
अनिल सिंह आर के मौर्य
Cont. 9891148513
9968616715


सभी देशवासियों को
15 August
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
डा. विपिन पिव्हाल
अध्यक्ष, वीआईपी फाउंडेशन


आजादी का अमृत महोत्सव
दैनिक
एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
परम श्रद्धेय
राकेश भारद्वाज
RKB GROUP
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
RAVI BHARDWAJ
Group Editor
99998 89104
दैनिक एक्शन इंडिया
RKB GROUP
MARUTi nandan printers
RR MULTIMEDIA PVT. LTD.
B-244, Majlish Park, Delhi-110033
actionindianews@gmail.com
www.actionindialive.com


आजादी का
अमृत महोत्सव
15 AUGUST 2023
INDIA
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
THE GRAPHICS
DESIGN STUDIO
D-33, Flatted Factory Complex,
Jhandewalan, New Delhi - 110 055
सुनीत गर्ग
9899383139
विनोद गर्ग
9811077396
साहिल गर्ग
9868085102
GRAPHIC DESIGNING
WEB DEVELOPMENT
DIGITAL MARKETING
PHOTOGRAPHY
PRINTING SOLUTIONS


आदर्श रसोई
राकेश भारद्वाज चौक
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
परम श्रद्धेय
राकेश भारद्वाज
संस्थापक (आदर्श रसोई)
मोहन कुमार गर्ग
चेयरमैन (9354212413)
सुरेंद्र चोपड़ा
प्रधान (9910766000)
रामलाल उनियाल
वाईस चेयरमैन (921227354)
रवि भारद्वाज
संयोजक (9999889104)
विनोद गर्ग
महासचिव (9811077396)
राकेश जुनेजा
महासचिव
पम्मी मल्होत्रा
महासचिव
संजय वर्मा
कोषाध्यक्ष
सुभाष दीक्षित
संरक्षक
सुरेन्द्र त्यागी
संरक्षक
सुरेन्द्र बुद्धिराजा
संरक्षक
के.के. शर्मा
संरक्षक
जे.पी. गोयल
संरक्षक
सतपाल यादव
संरक्षक
गुरदयाल छाबडा
संरक्षक
वी. के. चौधरी
संरक्षक
रविन्द्र पाल सिंह स्माईल
संरक्षक
सिकन्दर पाल मखीजा
संरक्षक
तरसेम सिंह
उपप्रधान
रिंकू कोहली
उपप्रधान
राजेश छाबड़ा
उपप्रधान
अमरजीत सिंह
उपप्रधान
राजेन्द्र साहू
उपप्रधान
बलदेव राज विनायक
उपप्रधान
मनोज अग्रवाल
उपप्रधान
कमल गोयल
उपप्रधान
दीपक गर्ग
सचिव
सुलभ गुप्ता
सचिव
धीरज सिंघल
सचिव
मुकेश रस्तोगी
सचिव
राजीव मेहता
सचिव
सतपाल सेतिया
सचिव
सोहन लाल मेंहदिरत्ता
सचिव
करण शर्मा
सहसचिव
विवेक तोमर
सहसचिव
सन्नी गर्ग
सहसचिव
सागर गर्ग
सहसचिव
इन्दर तनेजा
सदस्य
विकास ठाकुर
सदस्य
हिमांशु भाटिया
सदस्य
नरेश कपाही
सदस्य
सुशील अरोड़ा
सदस्य
संजय बांगिया
सदस्य
विनीत गुप्ता
सदस्य
विपीन चौहान
सदस्य
गुलशन चावला
सदस्य
मयंक बंसल
सदस्य

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 14 अगस्त 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group







